

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 193 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 20 मई 2022



पेज -3 पर विधायक विनय भगत ने अन्न एवं बीज भण्डार दुकान का शुभारंभ किया



मातृ शिशु चिकित्सालय तक चलेगी सिटी बस, ऑटो का किराया भी होगा तय... पेज -7 पर





JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## राजीव के हत्यारे की रिहाई पर भड़की कांग्रेसःमोहन मरकाम ने बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया

रायपुर। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पूण्यतिथि से तीन दिन पहले उनके हत्यारों में से एक ए.जी. पेरारिवलन की रिहाई ने कांग्रेस को भड़का दिया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

मरकाम ने इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा, सरकार ने ऐसी परिस्थितियां पैदा कर दीं जिसकी वजह से अदालत ने हत्यारे को रिहा कर दिया। मोहन मरकाम ने कहा, तमिलनाडु की तत्कालीन अन्नाद्रमुक-भाजपा सरकार ने तत्कालीन राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को राजीव गांधी की हत्या के सभी सात दोषियों को रिहा करने की सिफारिश भेजी थी। भाजपा के



बड़े नेता रहे बनवारी लाल पुरोहित ने उसपर कोई निर्णय न लेकर मामला राष्ट्पति को भेज दिया। राष्ट्पति ने भी उसपर कोई फैसला नहीं लिया। इस विलंब और भाजपा सरकार की ओर से नियुक्त राज्यपाल के निर्णय नहीं लिए जाने के कारण सर्वोच्च न्यायालय ने एक हत्यारे को रिहा कर दिया। स्वाभाविक तौर पर अब सभी हत्यारे रिहा हो जाएंगे। मरकाम ने पूछा, मोदी जी, कांग्रेस, भाजपा छोड़ए। क्या यही आपका राष्ट्रवाद है कि सरकार कोई फैसला न ले और उसके आधार पर हत्या के दोषियों को छोड़ दिया जाए।

मोहन मरकाम ने कहा, अगर हर वो व्यक्ति जिसको आजीवन कारावास हुआ है, उसे छोड़ना है, तो फिर हजारों भारतीय जेलों में बंद हैं जिन्हें आजीवन कारावास की सजा मिली है। उन्हें भी रिहा कर दीजिए। उससे पहले कानून एवं संविधान भी छोड़ दीजिए।

मोहन मरकाम ने कहा, हत्यारे की रिहाई से हर देशभक्त को दुख हुआ है। ये कांग्रेस के नेता का सवाल नहीं है। इस देश के प्रधानमंत्री थे राजीव गांधी। उन्होंने कांग्रेस के लिए नहीं, देश के लिए कुर्बानी दी थी। अगर उनके हत्यारों को आज की सरकार अपनी छोटी और सस्ती राजनीति के लिए रिहा करवाने में अदालत को हालात पैदा कर देगी, तो ये अपने आपमें अति दुर्भाग्यपूर्ण है। मरकाम ने कहा, देशवासी अवश्य देख लें कि किस प्रकार की सरकारें आज सत्ता में हैं और उग्रवाद को लेकर उनका रवैया क्या है। तमिलनाडु के श्रीपेरंम्बदूर में 21 मई 1991 को एक चुनावी रैली के दौरान एक महिला आत्मघाती आतंकी ने खुद को विस्फोट में उड़ा लिया था। इस आतंकी हमले में राजीव गांधी मारे गए थे। इस साजिश में 4 लोग दोषी पाए गए थे, जिसमें एक पेरारिवलन है। उसे राजीव गांधी की हत्या के 20 दिन बाद उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अदालत में यह साबित हुआ कि उसने बम विस्फोट के लिए 9 वोल्ट की दो बैटरी खरीदकर मास्टरमाइंड सिवरासन को दी थी।

## एक नजर

### राज्यपाल उइके से संगीता शाह ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में भिलाई की सिम्पलेक्स कॉस्टिंग्स लिमिटेड की प्रबंध संचालक श्रीमती संगीता शाह ने की सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को अपने औद्योगिक इकाई का भ्रमण करने हेतु आमंत्रित किया।

### दीवार तोड़कर घर में घुसी स्कार्पियो,दंपति को कुचला

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में गुरवार दोपहर एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने आंगन में सो रहे दंपति को कुचल दिया। हादसे में पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी और स्कार्पियो चालक की हालत गंभीर है। दोनों को बिलासपुर रेफर किया गया है। स्कार्पियो की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह मकान की दीवार और बाड़ी को तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। हादसा पसान थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम सेन्हा निवासी लखन चौधरी (46) अपनी पत्नी संगीता चौधरी (40) के साथ घर के आंगन में सो रहे थे। जबकि उनके बच्चे अपने दादा-दादी के साथ कमरे में थे। शाम करीब 4.30 बजे तेज रफ्तार एक स्कार्पियो उनके घर की दीवार और बाड़ी को तोड़ते हुए अंदर घुस गई।

### छत्तीसगढ़ पहुंचा लाउडस्पीकर विवाद

## हिन्दूवादी संगठनों ने कहा- मस्जिदों से हटाया जाए, कोर्ट के आदेश का हो पालन

रायपुर। मस्जिद में लाउडस्पीकर से अजान पढ़ने से जुड़ा विवाद अब छत्तीसगढ़ पहुंच गया है। हिंदू स्वाभिमान संगठन, श्री नीलकंठ सेवा संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू महासभा के पदाधिकारी कलेक्टर से मिले। हिन्दू संगठनों ने मस्जिदों से लाउड स्पीकर हटाने ज्ञापन सौंपा है।



संगठनों की तरफ से कहा गया है कि साउंड सिस्टम इस्तेमाल करने का नियम सुप्रीम कोर्ट ने तय कर रखा है। फिर यह नियम मस्जिदों पर प्रशासन क्यों लागू नहीं करवा पा रहा है। हिन्दूवादी संगठनों ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाया जाए, नहीं तो चौक-चौराहों में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। शिवसेना भी उत्तर प्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ के धार्मिक स्थलों पर लाउड स्पीकर की आवाज कम करने प्रशासन को अल्टीमेटम दे चुका है। कलेक्टोरेट पहुंचे श्री नीलकंठ सेवा संस्थान, छत्तीसगढ़ के संयोजक नीलकंठ त्रिपाठी ने कहा कि कलेक्टर को ज्ञापन दिए हैं। मस्जिदों में लगातार अजान से ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। उस पर प्रतिबंध लगाया जाए। जिस प्रकार उत्तर प्रदेश से लाउडस्पीकर को उतारा जा रहा है, उसी तरह छत्तीसगढ़ से भी उतारा जाए। लाउडस्पीकर से अल्लाह एक है। उनके अलावा कोई नहीं है। ऐसा प्रचारित किया जा रहा है। क्या सनातन धर्म में हिन्दू देवी-देवताओं का कोई महत्व नहीं है। लाउडस्पीकर से स्कूलों और कॉलेजों की पढ़ाई में दिक्कत होती है। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय सचिव स्वामी राजेश्वरानंद ने कहा कि मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाए जाएं या फिर सभी मंदिरों में लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति दी जाए।

हिन्दू स्वाभिमान संगठन की प्रदेश अध्यक्ष विश्वदिनी पांडेय ने कहा कि मस्जिदों में लाउडस्पीकर से अजान को बंद किया जाए। बिना लाउडस्पीकर 5 बार क्या 50 बार अजान कीजिए... हमें कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने बताया कि अजान के शब्द होते हैं कि अल्लाह सबसे महान है। उल्लाह के अतिरिक्त दूसरा कोई इबादत के योग्य नहीं है। सनातनियों की पूजा का अपमान कर रहे हैं। अराध्य का अपमान कर रहे हैं। कलेक्टर को अल्टीमेटम दिए हैं। 15 दिनों में लाउडस्पीकर नहीं हटाने पर चौक-चौराहों में हनुमान चालीसा लाउडस्पीकर लगाकर पढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि रायपुर के जय स्तंभ से लाउड स्पीकर में डीजे के साथ हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।

दरअसल, विवाद की शुरुआत महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के बयान के बाद हुई थी। राज ठाकरे ने महाराष्ट्र की शिवसेना सरकार को चेतावनी दी थी। राज ठाकरे ने कहा था कि मनसे कार्यकर्ता मस्जिदों के बाहर स्पीकर लगाएंगे और हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। इसके बाद कई जगहों पर विवाद की खबरें आई थीं। लाउडस्पीकर का विवाद इसके बाद कई राज्यों तक पहुंच गया। महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर विवाद के बाद सरकार ने बड़ा फैसला लिया।

## छत्तीसगढ़ के राज्यपाल अनुसुईया उइके का ट्विटर अकाउंट हैक

### एलन मस्क के एक पोस्ट पर हैकर ने दिया 17 बार जवाब

रायपुर । छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके के आधिकारिक ट्विटर हैंडल को हैकरों ने कुछ समय के लिए हैक कर लिया था। ट्विटर हैक करने के बाद क्रिप्टोकरेंसी को लेकर कई ट्वीट किए गए। ट्विटर हैंडल से क्रिप्टोकरेंसी के समर्थन में एक-दो नहीं बल्कि 17 बार पोस्ट किया गया है।




आनन- फानन में सचिवालय के लोगों ने पासवर्ड बदलकर राज्यपाल का अकाउंट बहाल कर लिया है। अब ट्विटर एकाउंट नियंत्रण में है।

ट्विटर पर एलन मस्क की ओर से एक पोस्ट डाली गई। ट्वीट में लिखा गया कि क्रिप्टोकरेंसी कई स्तरों पर एक अच्छा विचार है। इसका भविष्य आशाजनक है। इस पोस्ट को टैग करते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के आधिकारिक हैंडल से एक जवाब पोस्ट हुआ। लिखा गया कि यह एक बड़ा समाचार है। उसके बाद 15 और बार यही वाक्य घुमा-फिरा कर लिखा गया। बाद में लिखा गया कि यह एक बड़ा दिन है।

### पासवर्ड बदलकर अकाउंट रीस्टोर किया गया

*अकाउंट हैक होने की जानकारी हुई तो राजभवन सचिवालय को इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद सचिवालय के लोगों ने पासवर्ड बदलकर राज्यपाल के अकाउंट रीस्टोर कर लिया है। ट्विटर एकाउंट पर पिछले कुछ घंटों के दौरान किए गए सभी संदिग्ध पोस्ट को हटा लिया गया है। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि यह साइबर अटैक कहां से हुआ था। इस मामले में और ज्यादा जानकारी के लिए राजभवन के अधिकारी अमृत खलको से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।*

## राज्यपाल उइके से पाटेश्वर सेवा संस्थान के अध्यक्ष ने की भेंट



**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में श्री पाटेश्वर सेवा संस्थान बालोद के अध्यक्ष संत रामबालकदास महात्यागी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सेवा संस्थान की संचालित गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर श्री जयेश ठाकुर, श्री मोरध्वज साहू, श्री दाता राम साहू, श्री विक्रम धुर्वे और श्री बलराम नायक उपस्थित थे।

अगले सप्ताह नौतपा की शुरुआत

## रोहिणी नक्षत्र में 15 दिन तक रहेंगे सूर्यदेव, पहले 9 दिन भीषण गर्मी पड़ी तो बारिश अच्छी होगी

**रायपुर।** पिछले तीन दिनों से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दक्षिण से ठंडी हवाएं आ रही हैं। इसकी वजह से दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से कम बना हुआ है। अगले सप्ताह से तापमान में बड़ी वृद्धि के आसार दिख रहे हैं। क्योंकि 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है। मान्यता है कि इन 9 दिनों में सीजन की सबसे अधिक गर्मी पड़ती है। रायपुर स्थित महामाया मंदिर के पं. मनोज शुक्ला का कहना है, नौतपा साल के वह 9 दिन होते हैं जब सूर्य पृथ्वी के सबसे नजदीक रहता है। इस कारण से इन 9 दिनों में भीषण गर्मी पड़ती है और इसी कारण से इसे 'नौतपा' कहते हैं। यह संयोग तब बनता है जब सूर्य 15 दिनों के लिए रोहिणी नक्षत्र में आते हैं। उन पंद्रह दिनों के पहले नौ दिन सर्वाधिक गर्मी वाले होते हैं। इसीलिये इन्हीं शुरुआती नौ दिनों को नौतपा के नाम से जाना जाता है। यदि इन नौ दिनों में किसी भी प्रकार से बारिश न हो और न ही ठंडी हवा चले तो यह माना जाता है कि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होगी। नौतपा के लिए सूर्य के वृष राशि के 10 अंश से 23 अंश 40 कला तक होना महत्वपूर्ण है। इस वर्ष सूर्य 25 मई से 8 जून तक रोहिणी नक्षत्र में 10 से 23 अंश 40 कला तक रहेगा।



## अंतिम संस्कार में जा रही महिला को हाइवा ने कुचला

### एक्टिवा सवार पति भी चोटिल; गुस्साए लोगों ने लगाया जाम, जज की गाड़ी रोकी

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में गुरुवार को एक हाइवा की टक्कर से एक्टिवा सवार महिला की मौत हो गई। महिला अपने पति के साथ अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रही थी। हादसे के बाद हाइवा चालक भाग निकला। इसके बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर जमा लगा दिया। करीब आधे घंटे तक हंगामा चलता रहा। इस दौरान लोगों ने एक महिला जज की गाड़ी भी रोक ली। हालांकि फिर उन्हें जाने दिया। हादसा बाराद्वार थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, पलाड़ीकला निवासी चमेली साहू अपने पति दादूराम साहू के साथ गुरुवर सुबह करीब 11 बजे एक्टिवा से अंतिम संस्कार में शामिल होने ठठारी जा रही थीं। अभी वे नेशनल हाईवे-49 पर पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें टक्कर मार दी।



**धांधली...** फर्जी दस्तावेज लेकर बैठे थे बदमाश, मगर पकड़े गए, 5-5 लाख रुपए में हुई थी डील

## सीआईसीएफ की आरक्षक भर्ती परीक्षा में धांधली

दुर्ग। दुर्ग पुलिस ने CISF की आरक्षक भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इन आरोपियों ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) आरटीसी भिलाई में भर्ती बोर्ड आरक्षक जीडी 2021 की परीक्षा के दौरान धोखाधड़ी की थी। ये भर्जी दस्तावेज लेकर परीक्षा में शामिल हुए थे, मगर पकड़ लिए गए हैं। मामले का खुलासा करते



हुए एसपी दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि, उतई थाने के एसआई लोकेश कुर्रे ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल आरटीसी भिलाई में भर्ती बोर्ड आरक्षक जीडी 2021 की परीक्षा 18 मई 2022 को हुई थी। परीक्षा के दौरान अभ्यार्थीयों का बायोमेट्रिक टेस्ट लिया गया था। उस दौरान पहुंचे अभ्यर्थियों का फिंगर प्रिंट और फोटो का मिलान किया गया तो वह मेल नहीं हुआ। इसके बाद आरोपियों को पकड़ा गया था। बाद में इस भर्ती बोर्ड की परीक्षा में धोखा देकर शामिल होने की शिकायत दर्ज कराई गई। उतई पुलिस ने धारा 419, 420, 467, 468, 120बी के तहत मामला दर्ज किया।

### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

उतई पुलिस ने मामले में ताज गंज जिला आगरा उत्तर प्रदेश निवासी चन्द्रशेखर पिता भवर सिंह (20 वर्ष), उमरायपुरा थाना पिठोरा जिला आगरा निवासी श्याम वीर सिंह निषाद पिता बंसी लाल (20 वर्ष), रामपुर थाना निवोहरा जिला आगरा निवासी महेन्द्र सिंह पिता स्व0 भजन लाल (19 वर्ष), ग्राम ऐतमापुर अजनेरा थाना समसाबाद जिला आगरा निवासी अजित सिंह पिता महाराज सिंह उम्र (19 वर्ष), खान्द कपरा थाना अम्बा जिला मुरैना मध्य प्रदेश निवासी दुर्गेश सिंह तोमर पिता रामशिया तोमर (31 वर्ष) और रामनरी थाना फिडोरा जिला आगरा निवासी हरीओम पिता राम दत्त (25 वर्ष) को हिरासत में लिया है।

पुलिस की पूछताछ में मामले के मुख्य आरोपी दुर्गेश सिंह तोमर उर्फ ब्रिजेष उर्फ झाड़ी और हरीओम ने बताया कि सीआईएसएफ में भर्ती कराने के लिये उन्होंने हर एक अभ्यर्थी से 5-5 लाख रुपए लेने का सौदा किया था। इसके बाद उन्होंने हर एक अभ्यर्थी के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार किए और अपने लोगों को परीक्षा देने के लिए परीक्षा सेंटर में भेजा था।

## कर्ज माफी ने मौत के मुंह से लौटाया

### रुंधे गले से किसान ने मुख्यमंत्री को सुनाई अपनी दास्तान

**रायपुर।** अपनी योजनाओं का फीड-बैक लेने राज्य के दौरे पर निकले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सभाओं में आम लोगों की तरह-तरह की कहानियां सामने आ रही हैं। इनमें कुछ कहानियां ओठों पर मुस्कुराहट ला देती हैं, तो कुछ आंखें नम कर देने वाली भी होती हैं। बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के सुदूर कस्बे आवापल्ली में आए एक किसान ने जब अपनी विवशता की कहानी सुनाई तो एक बार के लिए हर कोई सन्न रह गया। उस किसान ने रुंधे गले से कहा एक समय था जब मैं कर्ज के कारण आत्महत्या करने की सोच रहा था, लेकिन आपने कर्ज-मुक्त कर मुझे उबार लिया।



आवापल्ली की भेंट-मुलाकात सभा में शामिल होने के लिए भोपालपट्टनम से आए श्री अफजल खान मुख्यमंत्री श्री बघेल को आपबीती सुना रहे थे। वे कह रहे थे - कर्ज से मुक्ति मिलने के बाद आज मैं दूसरी फसल ले पा रहा हूं, अन्यथा मैंने आत्महत्या के बारे में सोच लिया था। मुख्यमंत्री श्री बघेल के पूछने पर उन्होंने बताया कि उन्हें करीब 8 लाख 36 हजार रुपए की ऋृण माफी का लाभ मिला है। श्री अफजल खान का कहना था कि यदि पास ही बहने वाली तालपेरू नदी पर बांध बना दिया जाए तो उनके जैसे और भी बहुत से किसानों को इसका लाभ मिलने लगेगा। साढ़े तीन साल पहले जब छत्तीसगढ़ में नयी सरकार बनी थी तब मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किसानों से किए दो बड़े वादे दो घंटे के भीतर पूरे किए थे। इनमें से एक था 2500 रुपए क्विंटल में धान खरीदी और दूसरा था पुराने कर्ज से पूर्ण मुक्ति। सरकार के ये दोनों कदम छत्तीसगढ़ में खेती किसानी को नया जीवन देने वाले साबित हुए।

# स्थानीय भाषायी अस्मिता और राजनीतिक हित साधने की कोशिशों के मायने

*तमिलनाडु के साथ हाल के दिनों में कर्नाटक में भी हिंदी विरोध में सुर उठने लगे हैं। यह बात और है कि दोनों ही जगहों पर आम लोगों का वैसा समर्थन अब नहीं मिल पाता, जैसा पिछली सदी के साठ के दशक में तमिलनाडु में दिखा था। यह बात और है कि इसी बहाने कुछ देर तक राजनेताओं द्वारा हिंदी का अपमान किया जाता है, स्थानीय भाषायी अस्मिता जगाई जाती है और अपने राजनीतिक हित साधे जाते हैं।*

हिंदी को लेकर इस नकारात्मक बयानबाजी की वजह है बीते अप्रैल में संसदीय राजभाषा समिति को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह का वह बयान, जिसमें उन्होंने अंग्रेजी की जगह हिंदी को संपर्क भाषा के तौर पर स्वीकार करने की अपील की थी। उसके बाद हिंदी को विवादित और अपमानित करने की जैसे होड़ ही लग गई।

इसी कड़ी में किंचित ज्यादा विवादित और ताजा बयान है, तमिलनाडु के उच्च शिक्षामंत्री पोनमुडी का। उन्हें यह कहने में हिचक नहीं हुई कि हिंदी पढ़ने वालों को अगर नौकरी मिलती, तो वे पानी-पूरी क्यों बेच रहे होते? पोनमुडी ने न सिर्फ हिंदी पर तंज कसा है, बल्कि उन्होंने विशाल हिंदीभाषी वर्ग को कमतर दिखाने की कोशिश की है।

मगर वह भूल गए कि पांच सितारा होटलों और महंगे रेस्टोरेंटों में भी पानी-पूरी, गोल-गप्पे और टिक्की मिलते हैं और उन्हें बेचने वाले निखालिस अंग्रेजी बोलते हैं। तो क्या वे कमतर हो गए? नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं है। चेन्नई की हालिया यात्रा के दौरान पता चला कि हिंदी विरोधी राजनीति के प्रमुख स्तंभ करुणानिधि परिवार की भी स्कूलों की शृंखला चलती है, जहां हिंदी पढ़ाई जाती है।

हिंदी पढ़ाना वहां उसी तरह प्रतिष्ठा की बात है, जैसे उत्तर भारतीय अधकचरे स्कूलों में अंग्रेजी पढ़ाना। लेकिन तमिल राजनीति में अपना सिक्का जमाने के लिए करुणानिधि परिवार हिंदी विरोध का कोई मौका नहीं खोना चाहता। इस पाखंड को अब तमिलनाडु के लोग भी समझने लगे हैं। लेकिन ऐसे लोगों की संख्या अभी कम है।

नतीजतन हिंदी के समर्थन में जितनी तेज आवाजें वहां से उठनी चाहिए थीं, अभी नहीं उठ रहीं।



## हिंदी विरोध का दूसरा पहलू

हालांकि तमिलनाडु में लोग अब यह स्वीकार करने लगे हैं कि अगर हिंदी में तमिलनाडु की हेमा मालिनी नहीं आई होतीं, श्रीदेवी नहीं आई होतीं, रेखा को हिंदी से प्यार नहीं होता, कमल हासन हिंदी में अपने सिनेमा को लेकर नहीं आए होते, रजनीकांत की फिल्में हिंदी में रिलीज नहीं हुई होतीं, तो शायद ही उनकी अखिल भारतीय पहचान बनती। अरविंद स्वामी, मणिरत्नम आदि तमाम नाम हैं, जिन्होंने हिंदी फिल्मों के जरिये नाम और दाम कमाया है। बेशक तमिलनाडु में हिंदी की पहुंच कम है, लेकिन वहां का पढ़ा-लिखा वर्ग भी अब मानने लगा है कि उसे कम से कम संपर्क भाषा के तौर पर हिंदी सीखनी ही होगी। अखिल भारतीय सेवाओं के नए अधिकारी अब हिंदी सीखने पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि उन्हें हिंदीभाषी राज्यों में सेवा का मौका मिल सकता है और वे अपनी जिम्मेदारी तभी ठीक से निभा पाएंगे, जब उन्हें हिंदी का कामचलाऊ ज्ञान हो। हिंदी के लिए अक्सर कहा जाता है कि उसके विस्तार में सिनेमा का योगदान बड़ा है। पर हमें याद रखना होगा कि भाषाओं के विस्तार में रोजी-रोटी से उसके जुड़ाव का महत्व कहीं गहरा होता है।

इसका उदाहरण तमिलनाडु के मशहूर पर्यटक स्थल महाबलीपुरम में दिखा। वहां भिखारियों को जैसे ही पता चला कि सैलानियों का अमुक समूह उत्तर भारतीय है, तो वे ठेठ हिंदी में पैसे और खाने की मांग करने लगे। वहां छोटे-छोटे व्यवसायी भी उत्तर भारतीय सैलानी समूह को देखते ही हिंदी विरोध का कथित चोला उतार कर तत्काल हिंदी में बात करने लगते हैं। साफ है कि तमिलनाडु में ही हिंदी को लेकर दो तरह की भावनाएं हैं। एक तरफ राजनीति है, जो हिंदी विरोध को उकसाती रहती है, तो दूसरी तरफ अखिल भारतीय नौकरी और व्यवसाय की चाहत रखने वाला वर्ग है, जिसे लगता है कि हिंदी ज्ञान जरूरी है। वह हिंदी सीख भी रहा है और हिंदी विरोध की राजनीति का विरोध भी कर रहा है। हिंदी अन्नादुरै की धरती पर भी धीरे-धीरे ही सही, अपनी राह तलाशने में जुटी हुई है।

उमेश चतुर्वेदी

## संपादकीय

### मानव प्रकृति

मानव शरीर की जैविक, बायोलॉजिक रचना एक, लेकिन उसकी प्रकृति व व्यवहार के कितने रूप व कितने चेहरे? शायर निदा फाजली का यह लिखा लाजवाब है कि हर आदमी में होते हैं दस बीस आदमी, जिस को भी देखना हो कई बार देखना! इस बात में यदि पूरे मानव समाज को जांचें तो कैसा विकट जंजाल बना मिलेगा। ज मनुष्य को बूझना सचमुच टेढ़ा काम है। वह असंख्य परतें, पहेलियां और प्रवृत्तियां लिए होता है। उसे कई तरह की खुर्दबीनों में जांचा गया है। मनुष्य प्रकृति की पहेली में ही अवतारों-पैगंबर-देव पुरूषों, दार्शनिक-राजनीतिज्ञों-मानवशास्त्रियों ने कई धर्मशास्त्र लिखे। कितने ही महाकाव्य और महाग्रंथ रचे। लेकिन सार क्या? मनुष्य में क्या ऐसा खास है, जिससे वह शेष जीव-जंतुओं से अलग है? मनुष्य की प्रकृति! उसका सचेतन स्वभाव। अनुभवों की क्रियाशीलता। मनुष्य जिंदगी को चेतनता में जीता है? संभव है उसकी चेतनता अधिकांश समय परस्पर मानवीय रिश्तों पर केंद्रित होती हो। मनुष्य वह प्राणी है जो अपने अहम पर बाकी प्राणियों से व्यवहार बनाता है। मनुष्य का इस तरह क्रियाशील होना, जैविक शरीर में बिल्ट-इन डीएनए की प्रकृति से है। मनुष्य जीव जगत में चित्त, चरित्र, प्रवृत्तियों, स्वभाव, आचरण में बिरला है। उसका इस तरह बिरला होना कैसे है? क्या राज है? जवाब में असंख्य कहानियां हैं, कल्पनाएं हैं। फलसफे हैं। धर्म, दर्शन और विज्ञान ने इस पर बहुत कुछ बताया है। धर्म और दर्शन क्योंकि मनुष्य के अतीत और राजनीति की दास्तां की बुनियाद हैं तो इनकी व्याख्या पर इन विषयों पर विचार करते हुए गौर करेंगे।

## सिने-प्रेमियों के लिए एक खास किताब और फिल्मों की अनूठी दुनिया

पहले हमारे यहां फिल्म देखना, फिल्मी पत्रिका पढ़ना या फिल्म पर बात करना बुरा माना जाता था। फिल्म को गंभीरता से न लेते हुए शिक्षा से भी इसे दूर रखा जाता था। मगर समय बदलने के साथ समाज की सोच में परिवर्तन हुआ है। आज न केवल खुलेआम सिनेमा देखा जाता है वरन इस पर विचार-विमर्श भी होता है। कई देशों में यह प्रारंभ से पठन-पाठन का अंग रहा है। प्रतिवर्ष 1,000 फिल्म बनाने वाले हमारे देश में भी आज गंभीर विधा के रूप में स्वीकारते हुए इसे पाठ्यक्रम का अंग बना लिया गया है।

हमारे यहां आज प्राय- हर कॉलेज में इसका शिक्षण हो रहा है, विश्वविद्यालयों में सिनेमा अध्ययन के स्वतंत्र विभाग है। सिनेमा पर सेमीनार आयोजित हो रहे हैं। यह एक अच्छी बात है। यह अच्छी बात है मगर जब फिल्म से जुड़ी गंभीर लिखित सामग्री की बात आती है तो हमें अधिकांत- विदेशी साहित्य पर आश्रित रहना होता है। भारतीय भाषाओं में सिनेमा-ज्ञान से जुड़ी सामग्री का पर्याप्त अभाव है। न केवल क्षेत्रीय भाषाओं में इसकी कमी यह वरन यह अभाव भारत में इस विषय पर इंग्लिश भाषा में लिखी किताबों में भी है। ऐसी किताब जो विशेषज्ञों के काम की हो साथ ही सामान्य सिने-प्रेमी की जिज्ञासा शांत करने में सक्षम हो। ऐसे में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित फिल्म समीक्षक, रेडियो ब्रॉडकास्टर, प्रयोगात्मक फिल्म निर्देशक, प्रकाशक बहुमुखी प्रतिभा उत्पल दत्त की किताब 'फिल्म एप्रिसिएशन' स्वागत योग्य है। मूल रूप से असमी भाषा में लिखी इस किताब को इंग्लिश में अनुवादित करने का श्रेय लेखक, सिने समीक्षक डॉ. दीपशिखा भगवती को जाता है। अनुवाद की गुणवत्ता पर दोनों भाषा के जानकार टिप्पणी कर सकते हैं। सिनेमा हमारा मनोरंजन करता है, इसके साथ यह और बहुत कुछ करता है। इसे सही तरीके से देखने-समझने के लिए विशेषज्ञों के अलावा सामान्य दर्शक को भी इसमें प्रशिक्षित होना आवश्यक है। इस किताब की सरल भाषा छात्र तथा सामान्य सिने-प्रेमी के लिए उपयोगी है। न केवल फिल्म एप्रिसिएशन बल्कि फिल्म निर्माण में रूचि रखने वाले व्यक्तियों को भी इससे सहायता प्राप्त होगी। 'एप्रिसिएटिंग फिल्म', 'मेथड ऑफ मेकिंग ए फिल्म', 'स्क्रीनप्ले', 'शूटिंग', 'साउंड', 'एडिटिंग', 'फिल्म एंड लिटरेचर', 'फिल्म एंड अदर मीडियम्स (मीडिया होना चाहिए था क्योंकि मीडिया शब्द बहुवचन है।) ऑफ आर्ट' (यहाँ बहुवचन शब्द आर्ट्स का प्रयोग होना चाहिए। आशा है इस भूल को अगले संस्करण में सुधार लिया जाएगा।), डॉयरेक्शन' जैसे भिन्न अध्याय में बंटी किताब फिल्म के कई पहलुओं पर प्रकाश डालती है। इसके साथ समाहार (जिसे दसवां अध्याय लिखा गया है) है। परिशिष्ट के रूप में 'सिनेमा इन टाइमलाइन', 'मिसे-एन-सीन', 'हंड्रेड मस्ट वाच फिल्मस' तथा रेफरेंसेस' किताब को समृद्ध बनाते हैं। किताब 'फ़िल्म एप्रिसिएशन' सिने-प्रेमियों को अवश्य पढ़नी चाहिए। प्रो. के. सी सुरेश एवं डायोरमा सिनेमा के चेयरमैन मनोज श्रीवास्तव की भूमिकाएं तथा अनुवादक की टिप्पणी किताब को समझने में सहायक है। कवर का गैर पारम्परिक रेखांकन (रुक्साना तबस्सुम) आकर्षित करता है और किताब पढ़ने का आमंत्रण देता है। हर अध्याय के प्रारंभ में उद्धृत सिनेमा से जुड़े भारतीय और विदेशी व्यक्तियों (यथा सेकिया, त्रुफ़ो, कुरोसावा आदि) की विभिन्न पंक्तियां इसे रोचक बनाती हैं।



फिल्म एप्रिसिएशन

> पहले हमारे यहां फिल्म देखना, फिल्मी पत्रिका पढ़ना या फिल्म पर बात करना बुरा माना जाता था। फिल्म को गंभीरता से न लेते हुए शिक्षा से भी इसे दूर रखा जाता था। मगर समय बदलने के साथ समाज की सोच में परिवर्तन हुआ है। आज न केवल खुलेआम सिनेमा देखा जाता है वरन इस पर विचार-विमर्श भी होता है।

डॉ. विजय शर्मा

## मिला जुला

### भारत ने दुनिया के अमीर देशों को दिखाया आईना

## कोरोना टीकों की तरह मनमानी से न बंटे अनाज, अमीर देशों को भारत ने यूएन में लताड़ा

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने दुनिया में अनाज की कीमतों में 'अनुचित वृद्धि' के बीच उसकी जमाखोरी और वितरण में भेदभाव पर चिंता जाहिर की है। इसके साथ ही दुनिया के अमीर देशों को आईना दिखाते हुए कहा है कि अनाज का वितरण कोविड टीकों की तरह नहीं होना चाहिए। भारत ने कहा कि अमीर देशों ने बड़ी संख्या में टीके स्टोर कर लिए थे, जबकि गरीब देशों की इन तक पहुंच ही नहीं थी। संयुक्त राष्ट्र में बोलते हुए भारत ने कहा कि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के उसके फैसले से यह सुनिश्चित होगा कि वह जरूरतमंद लोगों की जरूरतों को पूरा कर सकता है।



विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा, ''कम आय वाले विभिन्न वर्ग आज अनाज की बढ़ती कीमतों और उनकी पहुंच तक मुश्किल की दोहरी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। यहां तक कि पर्याप्त भंडार वाले भारत जैसे देशों ने खाद्यान्न में अनुचित वृद्धि देखी है। यह साफ है कि जमाखोरी की जा रही है। हम इसे ऐसे ही चलने नहीं दे सकते।'

मुरलीधरन 'ग्लोबल फूड सिक्योरिटी कॉल टू एक्शन' पर मंत्री स्तरीय बैठक में बोल रहे थे, जिसकी अध्यक्षता अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने की। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब भारत ने बीते शुक्रवार को ही गेहूं के एक्सपोर्ट पर रोक लगाने का ऐलान किया था। दरअसल भारत में इस बार भीषण लू चलने की वजह से गेहूं के उत्पादन में बड़ी कमी आई है और उसके चलते अभी से ही कीमतों में इजाफा होने लगा है। इसलिए संकट से निपटने के लिए भारत सरकार ने एक्सपोर्ट पर रोक लगाने का फैसला लिया ताकि घरेलू स्तर पर संकट न पैदा होने पाए।

#### कीमतों को थामने के लिए रोका गेहूं का निर्यात

इस फैसले का मकसद गेहूं और गेहूं के आटे की खुदरा कीमतों को काबू में करना है, जो पिछले एक साल में औसतन 14 से 20 फीसदी तक बढ़ गई है। इसका उद्देश्य पड़ोसी और कमजोर देशों की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा करना है। विदेशी व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने पिछले सप्ताह एक अधिसूचना में कहा कि केंद्र सरकार की अनुमति के आधार पर गेहूं के निर्यात को मंजूरी दी जाएगी। भारत ने उच्च स्तरीय बैठक में संयुक्त राष्ट्र में पहली बार गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के मुद्दे पर अपनी बात रखी। मुरलीधरन ने कहा कि भारत सरकार गेहूं की वैश्विक कीमतों में अचानक आई वृद्धि को स्वीकार करती है।

## अलगाववादी नेता यासीन मलिक दोषी करार, कबूली थी आतंकी गतिविधियों में शामिल होने की बात

**नई दिल्ली।** कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक को टेरर फंडिंग मामले में दोषी पाया गया है. NIA कोर्ट ने यासीन मलिक को दोषी पाया है, उसे इस मामले में कितनी सजा मिलेगी इसपर फैसला 25 मई को होगा। बता दें कि यासीन मलिक ने बीते दिनों खुद कबूला था कि वह कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में शामिल था। इसी महीने खबरें आई थीं कि यासीन मलिक ने मान लिया है कि वो आतंकी गतिविधियों में शामिल था, उसने आपराधिक साजिशें भी रची थीं और उस पर लगीं देशद्रोह की धारा भी सही हैं। यासीन पर जो UAPA के तहत धाराएं लगी हैं, उसे भी उसने स्वीकार कर लिया था. यासीन मलिक ने कोर्ट में कहा कि वह यूएपीए की धारा 16 (आतंकवादी गतिविधि), 17 (आतंकवादी गतिवधि के लिए धन



जुटाने), 18 (आतंकवादी कृत्य की साजिश रचने), व 20 (आतंकवादी समूह या संगठन का सदस्य होने) और भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 124-ए (देशद्रोह) के तहत खुद पर लगे आरोपों को चुनौती नहीं देना चाहता।

### एक नजर

## किसानों के आगे झुकी भगवंत मान सरकार, माननी पड़ गई धान रोपाई की मांग

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा की मांगों को स्वीकार कर लिया है। मंगलवार को किसानों का आंदोलन तेज हो गया था और 23 संगठनों से जुड़े किसान चंडीगढ़ के लिए कूच कर गए थे, जिन्हें मोहाली में रोक लिया गया था। अब आम आदमी पार्टी की सरकार ने धान रोपाई की मांग स्वीकार कर लिया है, जिसके तहत 7 जून से इसके पहले चरण की शुरुआत होगी। पंजाब सरकार ने तीन चरणों में धान रोपाई की मांग को स्वीकार कर लिया है। भगवंत मान ने बुधवार को दोपहर को किसानों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। वहीं बड़ी संख्या में किसान चंडीगढ़ की सीमा पर ही डटे हुए हैं और सरकार की ओर से औपचारिक आदेश जारी किए जाने के बाद ही पीछे हटने की बात कही है।



## हार्दिक पटेल से लेकर अनिल बैजाल तक ने छोड़े पद, ऐसा रहा सियासत का 'रिजाइन डे'

**नई दिल्ली।** भारतीय सियासत में बुधवार को चार बड़े इस्तीफे हुए। गुजरात में हार्दिक पटेल से लेकर राजस्थान में विधायक गणेश घोगारा ने पद छोड़ने का फैसला किया। खास बात है कि त्याग पत्रों की ये बौछार कुछ ही घंटों के अंतराल में हुई है। किसी ने पार्टी के काम करने को लेकर शिकायत की, तो किसी ने खुद को दल में ही दरकिनार होता पाया-



#### हार्दिक पटेल

सुबह 10.31 बजे पाटीदार नेता और गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने ट्वीट किया कि उन्होंने 'हिम्मत' जुटाकर पार्टी और पद छोड़ दिया है। उन्होंने लिखा, 'आज मैं हिम्मत करके कांग्रेस पार्टी के पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। मुझे विश्वास है कि मेरे इस निर्णय का स्वागत मेरा हर साथी और गुजरात की जनता करेगी।'

#### अनिल बैजाल

दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर अनिल बैजाल ने भी बुधवार को पद छोड़ने का फैसला किया। खबर है कि उन्होंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इस संबंध में दस्तावेज भेजे हैं और निजी कारणों का हवाला दिया है।

#### अनिल कोठियाल

रिटायर्ड कर्नल अनिल कोठियाल ने भी बुधवार शाम ट्वीट के जरिए पार्टी छोड़ने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया 'त्यागपत्र पूर्व सैनिकों, पूर्व अर्धसैनिकों, बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं तथा बुद्धिजीवियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, मैं आज दिनांक 18 मई 2022 को, आम आदमी पार्टी की सदस्यता से अपना त्यागपत्र दे रहा हूं।'

## सिद्धू को एक साल की सजा

### 34 साल पुराने मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनाई सजा, पटियाला में करेंगे सरेंडर

**चंडीगढ़।** 34 साल पुराने रोड रेज के केस में पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रेसिडेंट नवजोत सिंह सिद्धू को सुप्रीम कोर्ट ने 1 साल की सख्त सजा सुनाई है। सिद्धू के हमले में एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। कोर्ट ने 4 साल पहले दिए अपने फैसले को ही बदल दिया है। तब उन्हें 1 हजार रुपए का जुर्माने पर छोड़ दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक वे आज ही पटियाला जेल ले जाए जा सकते हैं। सिद्धू यहां पर अपने धुर-विरोधी शिअद नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के पड़ोसी होंगे। सिद्धू पहले पटियाला से अमृतसर रवाना हुए थे लेकिन फिर वापस लौट आए हैं। सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू उनसे मिलने अमृतसर से पटियाला आ रही है। सिद्धू पटियाला में ही सरेंडर करेंगे। सिद्धू को पंजाब सरकार से 45 पुलिसकर्मियों की सिक्योरिटी मिली थी। सजा होने के बाद उसे भी वापस लेने के आदेश दे दिए गए हैं।



#### सिद्धू को जेल जाना होगा

सिद्धू को अब या तो गिरफ्तार किया जाएगा, या फिर वो सरेंडर करेंगे। पंजाब पुलिस को इस मामले में कानून का पालन करना होगा।

## एलपीजी सिलिंडर की महंगाई के चलते रसोई से निकलने लगे लकड़ी कंडा जलने का धुआं- वंदना राजपूत

### सिलेंडर के लगातार दाम बढ़ने से महिलाएं परेशान

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम मे लगातार वृद्धि होने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है नरेन्द्र मोदी के राज में जनता बेहाल लगातार रसोई गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि करना ये सबसे बड़े असफलता है मोदी सरकार का। रसोई गैस सिलेंडर के दाम 1100 रुपए पहुंच गया है तो स्मृति ईरानी कहां गायब हो गई है। केंद्र के भाजपा राज में सब्सिडी वाले रसोई गैस अब मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग की पहुंच से बाहर हो चुकी है मई 2014 में सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर की कीमत 400 के लगभग थी जो आज 1100 पार हो चुकी है। मई महीना में ही रसोई गैस सिलेंडर के दाम में दूसरी बार मूल्य में वृद्धि होना महिलाओं के किचन में संकट गहराता जा रहा है। महंगी गैस के कारण 95 प्रतिशत उज्ज्वला योजना लाभार्थी गैस रिफि लिंग नहीं करवा पा रहे है। लगातार महंगा गैस होने के कारण उज्ज्वला योजना का भविष्य अंधकार में चला गया है। मोदी सरकार का हर योजना फ्लॉप हो गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि बढ़ती महंगाई से महिलाएं पहले से ही परेशान है लगातार पेट्रोल डीजल और एलपीजी की कीमतों ने पहले से ही आम जनता की हालत पतली कर दी है। जिसके बाद आज एलपीजी गैस के दामों में एक बार फि र से बढ़ोतरी करना केंद्र सरकार का गरीबों के ऊपर अत्याचार ही है सत्ता के घमंड में बेलगाम महंगाई नरेन्द्र मोदी को दिखाई नही दे रहा है। लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है लेकिन प्रदेश के भाजपा नेता इसके लिए आंदोलन क्यों नहीं कर रहे है। जब रसोई गैस सिलेंडर यूपीए सरकार में 400 रुपए रहता था और उसमें साल मे 50 पैसे या 1 रुपए के मूल्य वृद्धि होने पर सड़कों में लकड़ी के चूल्हे जलाकर प्रदर्शन करते थे आज गैस सिलेंडर के दाम 1100 रुपए हो गया है भाजपा के नेताओं के मुंह में ताला लग गया है।



उज्ज्वला योजना के लाभार्थी ने बंद कर दी गैस भरवानी

# बैगा आदिवासी क्षेत्र में झोला छाप डॉक्टर कर रहे लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़





जोहार छत्तीसगढ़-पंडरिया।

बढ़ते बीमारी के दायरे के बीच पंडरिया ब्लॉक के पुटपुटा, लखनपुर, पोलमी,दैहान टोला,कामटी भेड़ागढ़ में मरीजों के इलाज की व्यवस्था झोलाछाप बंगाली डॉक्टर के हवाले है। पोलमी में सड़क किनारें डॉक्टर कपड़ा दुकान खोला है। कपड़ा दुकान एक नाम मात्रा है वहां मरीजों की इलाज किया जाता है। मरीज चाहे उल्टी, दस्त, खांसी, जुखाम, बुखार से पीड़ित हो या फिर अन्य कोई बीमारी से ग्रस्त हो। पोलमी,कामटी में जो बंगाली डाक्टर मरीजों के इलाज के नाम पर उनकी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। विभाग को जानकारी होने के बाउजूद भी बंगाली झोला छाप डॉक्टर के ऊपर कोई भी प्रकार के कार्यवाही नहीं करते जो समझ से परे है।

### खुलेआम कर रहे इलाज

आप को बता दे पंडरिया ब्लॉक क्षेत्र के पोलमी एकामटी में बंगाली डॉक्टर खुलेआम मरीजों का कर रहे है इलाज स्वास्थ विभाग को जानकारी होने के बाउजूद आखिर इनके ऊपर क्यों नहीं कर रहे कार्यवाही, उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त तो नहीं जिनके बदौलत खुलेआम लोगों के सेहत से कर रहे खिलवाड़।

### आल्टोस का है इनके पास आईडी

पोलमी में जो बंगाली डॉक्टर रहते हैं वे आयुर्वेदिक आल्टोस का कही से जुगाड़ में बनवा लिए है लाइसेंस को ढाल बना कर रहे हैं। अंग्रेजी दवाइयों से इलाज आपको बता दे लोगों को गुमराह करने के लिए थोड़ा सा आल्टोस और कपड़ा दुकान का स्टॉल लगा कर रखा है और वही अंग्रेजी दवाइयों से इलाज करता है, आदिवासी बैगा लोगों को छोटे मोटे बीमारियों को बड़ा बता कर लूट रहे हैं। और बैगा आदिवासियों को कलकत्ता से दवाई लाता हूं इधर नहीं मिलता है इस प्रकार का बाते बोल कर लंबे पैसे लूट रहा हैं। विभाग के उच्च अधिकारियों ने अपने आंख में पट्टी बांधे बैठे हुए हैं।

### जिम्मेदार अधिकारी शिकायत का कर रहे है इंतजार

पंडरिया वर्तमान बीएमओ से हमारे टीम ने यहां सवाल पूछा आपके क्षेत्र में बंगाली डॉक्टर खुलेआम लोगों के सेहत से खिलवाड़ करते हुए इलाज कर रहे है तो उनके ऊपर क्यों कार्यवाही नहीं कर रहे हो, तो बीएमओ साहब ने गोल मटोल जवाब देते हुए कहा कि लिखित में शिकायत करो फिर करेंगे। कार्रवाही ,साहब को लिखित में शिकायत का इंतजार है तब तक बंगाली डॉक्टर लोगों के सेहत से खिलवाड़ करते रहे। अब देखने की बात यह है कि खबर का कितना असर होता है इनके ऊपर।

## एक नजर

### कोतबा एवं बागबहार में जन शिकायत एवं निवारण शिविर का हुआ आयोजन

कलेक्टर ने शासन की योजनाओं का लाभ उठाने ग्रामीण से की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में पत्थलगांव जनपद के कोतबा एवं बागबहार में जन शिकायत एवं निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अग्रवाल द्वारा उपस्थित सभी ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन सदैव आप सभी की सहायता के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य आरती सिंह, एसडीएम पत्थलगांव आरएस लाल,जनपद सीईओ संजय सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि शासन निरंतर लोगों की परेशानियों को दूर करने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजना संचालित कर रही है। जिससे समाज के हर वर्ग का व्यक्ति योजना से लाभान्वित हो सके। उन्होंने सभी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं ग्रामीणों की परेशानियों को गंभीरता से सुना गया। उन्होंने ग्रामीणों के पेयजल, विभिन्न प्रकार के पेंशन भुगतान, राजस्व प्रकरण जैसे अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, मत्स्यए उद्यानिकी सहित अनेक विभागों द्वारा योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से सुनते हुए उन्हें योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान कर योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

## बेमेतरा पुलिस की कार्यवाही 5 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




गुरुवार को थाना बेरला पुलिस को मुखबिर के जरिये से सूचना मिला कि एक सफेद रंग के सुमो वाहन क्रमांक सीजी15- 4296 में एक व्यक्ति सवार होकर अवैध रूप से बिक्री हेतु वाहन में शराब भरकर बेमेतरा की ओर से सरदा, बेरला की ओर आ रहा है कि सूचना पर उक्त सूचना के सबंध में वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना बेरला स्टाफ गवाहो के साथ ग्राम सरदा, भटगांव चौक मेनरोड में पहुंचकर बेमेतरा की ओर से आने वाली चार पहिया वाहनो को रोककर चेकिंग करने के दौरान तलासी लेने पर आरोपी प्रकाश कोशले पिता स्वं. नरेश कोशले उम्र 30 वर्ष ग्राम सरदा थाना बेरला जिला बेमेतरा के कब्जे से दीगर प्रांत मध्य प्रदेश का लेबल लगा कुल 05 पेटी अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब, 250 पौवा 45,000 कुल जुमला कीमती करीबन 26,7500 रूपये एवं शराब परिवहन करने में प्रयुक्त वाहन सुमो वाहन क्रमांक सीजी 15-4296 कीमकी करीबन 4,00,000 रूपये, कुल जुमला रकम 4,26,750 रूपये को आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर कार्यावाही किया गया। कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक नासिर खान, सउनि कमलेश पाल, आरक्षक सुरेन्द्र जांगड़े भुषण मारकण्डे, तुकाराम निषाद, दिनेश निषाद, देवेन्द्र साहू, महेश जांगड़े एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## सिविल लाईन स्पोर्ट्स क्लब ने छात्रा साइना की उपलब्धि को सराहा



**दुर्ग** । सुराना कॉलेज वार्ड केलाबाड़ी निवासी एवं आदर्श कन्या स्कूल की छात्रा कुमारी साइना नाज ने कक्षा 12वीं में दुर्ग जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर वार्ड एवं स्कूल का गौरव बढ़ाया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर सिविल लाइन स्पोर्ट्स क्लब दुर्ग के सदस्यों ने छात्रा का सम्मान किया। इस दौरान श्री साईं मंदिर समिति के सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल ,पूर्व पार्षद अलताफ अहमद,श्री सांई मंदिर समिति के उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी,सिविल लाइन स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष हेमंत तिवारी,कल्याण सिंह ठाकुर, मोहम्मद उस्मानी, जितेंद्र तिवारी, पाशी अली, थानेश्वर साहू एवं अन्य सदस्यों ने छात्रा साइना नाज को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## स्वामी आत्मानन्द स्कूल छुरिया में समर कैंप में विभिन्न विधाओं पर चर्चा



**छुरिया।** स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल ऑफ एक्ससेलेन्स छुरिया में इन दिनों समर क्लासेस पूरे जोर शोर से चल रहे हैं।संस्था में प्रतिदिन एक नए शिक्षक एक नई कला को लेकर विद्यार्थियों से चर्चा-परिचर्चा कर उन्हें अभ्यास करवा रहे हैं। जीवन उपयोगी एवम शिक्षा उपयोगी विभिन्न कला यथा स्पोकन इंग्लिश, शारीरिक शिक्षा, पेंटिंग, गार्डेनिंग, योगा, हैंडराइटिंग, लिसनिंग, वोकेबुलरी, कैरियर एन्ड गाइडेंस, रेसिपी क्लास, क्राफ्ट, रीडिंग, राइटिंग आदि अनेक विधाओं से विद्यार्थी परिचित हो रहे हैं। संस्था के शिक्षकों के अलावा अन्य स्कूलों एवम महाविद्यालयों के भी शिक्षकों के भी सहयोग लिए जा रहे हैं। इस तारतम्य में संस्था के शिक्षकों से इतर श्री अविनाश सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर डोंगरगढ़), श्री झमेश्वर प्रसाद साहू, (स्पोकेन इंग्लिश),कु. दीपिका धुर्वे (असिस्टेंट प्रोफेसर छुरिया), श्री हेमराज सहारे (व्याख्याता इंग्लिश मारी मोहला), पुनाराम सिन्हा (मोटिवेशनल स्पीकर)आदि विषय विशेषज्ञों ने समय समय पर अपने कीमती वक्त विद्यालय को दे रहे हैं। संस्था प्राचार्य श्री धनेश सिन्हा ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से अपील किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर समर कैंप को सफल बनायें एवम कलाओं का लाभ उठाएं।

# विधायक विनय भगत ने जशपुर के सी-मार्ट का किया शुभारंभ

**समूह की महिलाएं अब अपने हाथों से बनाए गए सामग्री का विक्रय आसानी से कर सकेंगी**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






**गोठान में तैयार सामग्रियों को विक्रय करने के लिए जिला प्रशासन ने सी-मार्ट की सुविधा दी**

छत्तीसगढ़ शासन के सार्थक प्रयास से राज्य के प्रत्येक जिले में सी-मार्ट की स्थापना की जा रही है। इस कड़ी में आज जशपुर विधायक विनय भगत ने जशपुर जिले के सी.मार्ट का शुभारंभ किया। पशुपालन विभाग कार्यालय के पास सीमार्ट का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर सभी को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयास से गौठानों को मल्टीएक्टीविटी के रूप में विकसित किया जा रहा है और समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पाद को विक्रय कराने के लिए जिला मुख्यालय में सीमार्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ताकि महिलाओं को अच्छा बाजार मिल सके और आर्थिक लाभ ले सके। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के दिशा.निर्देश में जिले में सी-मार्ट का संचालन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर स्व सहायता समूह महिलाओं और कृषक उत्पादक संगठन द्वारा तैयार विभिन्न सामग्रियों के लिए बाजार उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य से सी.मार्ट के माध्यम से महिलाएं मुख्य रूप से काजू, ग्रीन टी, रागी, कुकीज, आचार, जीरा फ ूल चावल, जवा फुल्र चावल, सीटीसी चाय, महुआ लड्डूए हल्दीए मिर्च मसाला सहित विभिन्न प्रकार के 100 से ज्यादा उत्पाद बिक्री के लिये रखे गये हैं। सी.मार्ट में स्थानीय चित्रकारों, कुम्भकारों आदि को उचित बाजार उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर विधायक विनय भगत द्वारा सी.मार्ट से सामग्री भी क्रय की गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सचिन भूतड़ा, संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास, अमित महतो, सूरज चौरसिया, खुड़िया रानी फ ार्मर प्रोडयूसर कम्पनी के अध्यक्ष कमला विश्वकर्मा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जशपुर के जिला प्रभारी विजय शरण प्रसाद और स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी। सी-मार्ट का कुल क्षेत्रफ ल 4207 वर्ग फुट है जिसमें समूह की महिलाओं को चौपाटी की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि महिलाएं चार्ट ठेला में स्वयं के बनाए गए व्यंजन आदि को बाजार में विक्रय कर सके और उनको चौपाटी से भी अतिरिक्त लाभ प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन के अंतर्गत् संचालित सी.मार्ट में मां खुड़िया रानी कृषक उत्पादक संगठन में 1068 महिलाएं जुड़ी हैं। सी-मार्ट खुड़िया रानी कृषक उत्पादक संगठन द्वारा चलाया जा रहा है। जिले के कुल 205 गौठान ग्राम पंचायतों से कुल 317 स्व सहायता समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों को सी.मार्ट के माध्यम से विक्रय कराया जा रहा है और लगभग 3 हजार स्व.सहायता समूह के सदस्य को लाभान्वित हो रही है। इसके अतिरिक्त सी.मार्ट में कार्यरत अटेण्डर भी समूह के सदस्य हैं और जिला प्रशासन द्वारा फूड लैब का निर्माण किया गया है जहॉ उत्पाद का निर्माण और पैकेजिंग की व्यवस्था की जाती है। यहां पर कुल 20 महिलाएं कार्य कर रही है। साथ ही पंचक्की में समूह की महिलाओं के द्वारा कच्ची घानी सरसों तेल, रागी पाउडर, आचार, चटनी, आदि निर्माण में कुल 15 महिलाएं कार्य कर रही हैं।

## छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ का हड़ताल 45 वें दिन भी जारी रहा



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ का हड़ताल 45 वें जारी दिन भी जारी रहा। जिसमें भारी संख्या में मनरेगा कर्मचारी अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल में डटे हुए हैं रोजगार सहायक संघ के जिला अध्यक्ष मनोज गंधर्व ने बताया कि मनरेगा कार्य धरातल में संचालित नहीं होने के कारण मजदूर निरंतर पलायन कर रहे हैं तब भी सरकार मजदूरों के प्रति सहानुभूति नहीं रख रहे हैं और मनरेगा कर्मचारियों के मांगों को पुरा नहीं करती तब तक हड़ताल जारी रहेगा। जिसमें संदीप वारे, अरविंद कश्यप, सोनु वर्मा, प्रशांत देवांगन, मनोज गंधर्व,एक कुमार,पितांबर साहू, गांधी राम साहू अफ रोज बेगम, मनीषा नेताम,उषा बंजारे, तिजन साहू, चिंताराम, नूतन, ज्योति प्रकाश,मनोहर आदि शामिल हुए व साथ ही साथ छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ को मिला बेमेतरा जिला सत्र न्यायालय अधिवक्ता बेमेतरा छग संघ का समर्थन जिसमें कोमल नामदेव,राजेश मिरी, मणिशंकर दिवाकर वि.विभाग, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, राम कुमार जोशी, पी राजेश्वरी,दिलेश्वर बाचपेयी, करण गेंड्रे,एवं अन्य अधिवक्ताओं ने मनरेगा संघ की मांग को जानकारी लेते हुए वे सरकार से जल्द मांग पूरा करने का आग्रह करते हुए मांग का समर्थन कियाध्उक्त जानकारी मणिशंकर दिवाकर अधिवक्ता जिला छत्तीसगढ़ ने दिया।

# विधायक विनय भगत ने अन्न एवं बीज भण्डार दुकान का शुभारंभ किया

किसानों के सामग्रियों को विक्रय करने के लिए जिला प्रशासन ने दुकान उपलब्ध कराया है

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






**किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की प्रशासन के सार्थक प्रयास से खुद का दुकान शहर के मध्य खुल**

जिला प्रशासन द्वारा संचालित बांकी नदी एग्रोफेड प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के जशपुर शाखा के अन्न एवं बीज भंडार का विधायक विनय भगत ने विधिवत् शुभारंभ किया। दुकान का संचालन जिले के पशुपालन विभाग कार्यालय के समीप किया जा रहा है। विधायक ने दुकान से जो फुल, जीराफूल उसना चावल और दाल की खरीदी करके पहले ग्राहक बने। शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने सभी अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक ने किसानों से चर्चा करके विभिन्न उत्पाद सामग्रीयों और खेती.बाड़ी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिले में किसानों के सामग्रीयों का विक्रय कराने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाजार उपलब्ध कराया गया है जिसका प्रत्यक्ष लाभ किसानों को मिलेगा और वे आर्थिक रूप से मजबूत बनेगें। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के दिशा.निर्देश में जिले के विकासखण्ड जशपुर में किसानों के उत्पादित अन्न एवं बीज भंडार दुकान का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 394 किसान सीधे जुड़े है किसान उत्पादक संगठन का मुख्य उद्देश्य कृषि लागत में कमी लाना किसानों को सही दाम के साथ आर्थिक लाभ पहुंचाना है। इससे किसानों को अपना इनपुट लागत में कमी आएगी साथ ही किसानों को अपना उत्पाद बेचने के लिए जशपुर शहर में एक स्थायी स्थान उपलब्ध हो गया है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सचिन भूतड़ाए संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास, अमित महतो, सूरज चौरसिया, खुड़िया रानी फ ार्मर प्रोडयूसर कम्पनी के अध्यक्ष कमला विश्वकर्मा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जशपुर के जिला प्रभारी विजय शरण प्रसाद, गोवर्धन होता, वैभव यादव और स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी। विधायक ने एफपीसी की सराहना करते हुए कहा कि किसानों के उत्पाद की क्रय.विक्रय के लिए बांकीनदी एग्रोफेड प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड जशपुर एक मिल का पत्थर साबित होगा। सभी किसानों को इससे जुड़कर अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित किसान उत्पादक संगठन के सदस्य संदीप किंडो,मंजीत राम,संजना तिर्की एवं सेवक राम भगत ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन के सार्थक प्रयास से किसानों का खुद का दुकान शहर के मध्य खुल पाया है।

# सीएम के महासमुंद प्रवास पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में होगी तालाबंदी

## कोविड काल में बांटे गये सूखा राशन का भुगतान अब तक लंबित

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



सूखा राशन का लंबित भुगतान जल्द ही नहीं होने की स्थिति में जिले भर के आंगनबाड़ी केन्द्रों को बंद करने का ऐलान छत्तीसगढ़ जुझारू आंबा कार्यकर्ता-सहायिका संघ ने किया है। संघ ने गुरूवार को लंबित भुगतान की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौपा है। छग जुझारू आंबा कार्यकर्ता सहायिका संघ के बैनर तले सौंपे ज्ञापन में संघ के पदाधिकारियों ने बताया किए जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विभागीय अफसर के लिखित निर्देश पर अपने मानदेय से कोरोना काल में एनीमिक महिला और कुपोषित बच्चों को सूखा राशन और गर्म भोजन का वितरण किया था। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ताओं का लगभग 15 से 20 हजार रूपये के अनुपात में एक करोड़ रूपये से भी अधिक राशि व्यय हुई थी। जिसका भुगतान दो साल बाद भी नही हो पाया है। कई बार मांग और वितरण बंद किये जाने के बाद कलेक्टर के आश्वासन और निर्देश पर खर्च की गई राशि में करीब 60 फीसदी राशि का ही भुगतान करवाया गया है। जबकि बकाया 40 फीसदी राशि का भुगतान आज तक लंबित है। इसके लिये पूर्व में भी ज्ञापन सौंपकर मांग की गई थी। जिस पर कोई संज्ञान नही लिया गया।

### सीएम के प्रवास पर बंद होंगे आंगनबाड़ी

संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष सुधा रात्रे और जिलाध्यक्ष सुलेखा शर्मा सहित अन्य ने बताया कि,उनका लंबित भुगतान पूरा नहीं होता है तो वे आगामी दिनों में जिले में होने वाले सीएम के दौरे के दौरान जिले भर में आंगनबाड़ी केन्द्रों को बंद कर देंगे और सीएम को जनचौपाल में उक्त मांग से अवगत कराते हुये उन्हे भुगतान कराने की मांग करेंगे।

### तत्कालीन कलेक्टर ने करवाया था 60 फीसदी भुगतान

*स्वयं के खर्च पर जिले भर में सूखा राशन और गर्म भोजन का वितरण करने के दो साल बाद भी भुगतान नही होने की स्थिति में संघ ने जिले भर के कैन्द्रों में वितरण बंद कर दिया। मामले में कलेक्टर के आश्वासन पर 60 फीसदी राशि का भुगतान किया गया। लेकिन 40 फीसदी का भुगतान आज तक लंबित है। जिसके लिये वे पूर्व में विभाग को ज्ञापन सौप चुकी है।*

## 2 दिन पूर्व ही नाला सफाई के दिए थे निर्देश, पालन हो रहे हैं नहीं यह देखने पहुंचे निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे

**भिलाई नगर ।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे 2 दिन पूर्व ही पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे थे उन्होंने कोसा नगर क्षेत्र में तथा बारिश पूर्व सभी नालों की सफाई के निर्देश इस दौरान अधिकारियों को दिए थे। निगम आयुक्त ने निर्देश का पालन हो रहा है या नहीं इसका निरीक्षण करने आज अल सुबह इसी स्थान पर फिर से पहुंचे। नाला की सफाई की जा रही थी। उन्होंने कोसनगर क्षेत्र के सार्वजनिक शौचालय के बाजू के नाला का निरीक्षण किया। बारिश के दिनों में नाला से पानी ओवरफ्लो होकर कई दफा चलता है, कचरा के कारण पानी के प्रवाह में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए यहां नाला सफाई का काम किया जा रहा है। उन्होंने कोसानाला के पूरे रूट को देखा, लोगों से मुलाकात कर उन्होंने किन किन क्षेत्रों में जलभराव होता है इसकी जानकारी ली। आयुक्त ने कोसानगर के अलावा सुपेला थाना के समीप नाला का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल के निर्देश पर निगम क्षेत्रों में छोटे एवं बड़े नाला की सफाई कार्य किया जा रहा है। बारिश पूर्व सभी नालों की सफाई प्रारंभ कर दी गई है। चैन माउंटेन लगाकर बड़े नालों की सफाई की जा रही है ताकि शीघ्रता के साथ नालों से कचरा निकाला जा सके और बारिश का पानी सुगमता से प्रवाहित हो सके। कोसानगर में निचली बस्ती होने के कारण पानी भरने की संभावना अधिक होती है, इसलिए इस क्षेत्र के नालों को प्राथमिकता के साथ सफाई कराया जा रहा है। आज के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना मौजूद रहे।

## एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन बेरला व नवागढ़ में

तनाव प्रबंधन व जीवन कौशल हुआ मितानिन ट्रेनर्स कार्यशाला का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



19 मई दिन गुरुवार को सीएमएचओ डॉ खेमराज सोनवानी, सिविल सर्जन डॉ. वंदना भेले के निर्देशानुसार व जिला नोडल अधिकारी डॉ. केके मेश्राम के मार्ग दर्शन पर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा बेमेतरा जिला के बेरला ब्लॉक व नवागढ़ ब्लॉक के मितानिन ट्रेनर्स का तनाव प्रबंधन एवं जीवन कौशल के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मितानिन ट्रेनर्स को मानसिक रोगियों की पहचान कैसे करें और उन्हें कैसे निदान दिलाए रोगियों को जिला चिकित्सालय लाने उपचार लाभ दिलाने के संबंध में जानकारी दी गई। इस प्रकार विषय पर चर्चा की गई इस अवसर पर सदस्यों को छोटे-छोटे गेम खेलने की कला करा कर जो कि मनोवैज्ञानिक तरीके से तनाव दूर करना,इसके साथ ही जीवन कौशल को कार्यशाला में विस्तार से समझाया गया। ज्ञात हो कि प्रत्येक शनिवार को राजधानी रायपुर से आकर जिला चिकित्सालय बेमेतरा में डॉ शुचिता गोयल मनोरोग विशेषज्ञ द्वारा मानसिक रोगियों की सेवा निःशुल्क उपचार परामर्श व दवाई देकर ईलाज किया जा रहा है जिससे बेमेतरा जिला के मानसिक रोगियों को रायपुर व अन्य जगह जाने पर पैसे, समय का बचत के साथ ईलाज में लाभ प्राप्त हो रहा है। विगत माह में जिला चिकित्सालय बेमेतरा में विभिन्न स्थान से लगभग 289 मरीजों ने इनका लाभ लिए जिनका उपचार डॉ. शुचिता गोयल द्वारा किया गया। कार्यशाला का आयोजन विभिन्न स्थान में आवर्नेश वर्कशॉप के द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिसमें जिला चिकित्सालय बेमेतरा के गोपिका जायसवाल नर्सिंग ऑफिसर, प्रीति जंघेल सोशल वर्कर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के द्वारा कार्यशाला आयोजित कर ट्रेनिग दिया जा रहा है इनसे मनोरोग संबंधित मरीजों को अधिक से अधिक लाभ परामर्श, उपचार ईलाज में मिल रहा है।

## मिशन 90 डेज 3.0 अभियान नहीं संस्कार है, 50 दिन हुए पूरे

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

प्रकृति का सर्वमान्य नियम है किए जैसा दोगे, उसका वैसा ही प्रतिफल प्राप्त करोगे, इसलिए सुधीजन अपना समय अच्छे एवं नेक कार्य करने में लगाते हैं।



ऐसे ही कुछ नेक और सुधीजन हैं, जो समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का मूल उद्देश्य बनाकर वृक्षारोपण कर और रोपित पौधों को सुरक्षित बड़ा होने तक उनको गर्मियों में पानी देकर और पशुओं और गैर जागरुक इंसानों से सुरक्षित रखने बाढ़ लगाकर पौधों को बचाने के लिए मिशन 90 डेज 3.0 नामक अभियान लगातार 3 सालों से चला रहे हैं, जिसमें विभिन्न समाजसेवी संस्थाएं एवं समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमी प्राणपण से जुटे हुए हैं, इस अभियान का संचालन हमर भुइंयां संस्था के नूरेन चंद्राकर के नेतृत्व में हो रहा है, जिसमें न केवल बड़े लोग ही कार्य कर रहे हैं, बल्कि मासूम बच्चे भी पूरे उत्साह एवं जोश से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने में लगे हैं, ये बच्चे आने वाले कल के लिए तैयार हो रहे हैंए जो समाज को नयी दिशा प्रदान कर एक बेहतर भविष्य के निर्माता बनने की राह पर चल रहे हैं। ये महाभियान मिशन 90 डेज 3.0 केवल एक अभियान नहीं बल्कि एक संस्कार बनकर उभर रहा है, जो एक अप्रैल 2022 से 30 जून 2022 तक तीन माह अर्थात् 90 दिन चलने वाला है जो 50 दिन पूरा कर चुका है, और अपना बाकी का आधा पड़ाव भी पूरी सफलतापूर्वक पार कर लेगा। इस अभियान को सुधाकर बोदले महिला एवं बाल विकास अधिकारी महासंमुन्द का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, साथ ही महासंमुन्द जिले की संस्था महावीर फाउंडेशन से रविन्द्र जैन, परिवर्तन संस्था से सुनील साहूए द एन्जॉय ग्रुप से योशी चंद्राकर, दो कदम प्रकृति की ओर से डॉ. सुमीत साहू, मंदिर संरक्षण समिति से हितेश निर्मलकर, तालाब संरक्षण समिति से खुमान चंद्राकर, ग्रीन आर्मी से हेमेन्द्र चंद्राकर, संवेदना ग्रुप से जितेंद्र चंद्राकर, मिनी स्टेडियम क्लब से रोशन जोशी, पर्यावरण संरक्षण समिति ग्राम खैरा से जीवन कोसरे, पर्यावरण संरक्षक शिक्षक ओम प्रकाश चंद्राकर, दिनेश सोनी आशियाना विद्याश्रम से भारती साहू, द्वारा इस महाअभियान को पूर्ण करने हेतु संकल्पित है। चंद्राकर ने प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से इस महाभियान में अपना सहयोग कर रहे संस्था और पर्यावरण संरक्षक साथियों का आभार व्यक्त किया हैं।

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों के लिए 52 लाख रूपये की राशि मंजूर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों के लिए 52 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी है। उन्होंने तहसील खड़गवां के ग्राम बड़ेकलुआ के फुलो बाई की पानी में डुबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस लोकप्रसाद, ग्राम शिवपुर के लाली की पानी में डुबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस रीना, ग्राम शिवपुर के शिवकुमारी की पानी में डुबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस आनंद सिंह, ग्राम पोड़ी के मनता सिंह की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिस राकेश सिंह, ग्राम जरौंधा के रामायण सिंह की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिस मानमति के लिए 4-4 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी है। इसी तरह तहसील चिरमिरी के ग्राम जड़हरी, बहडोलापारा के संगीता की पानी में डुबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस शिवप्रसाद, ग्राम मेरो के रनसाय की पानी में डुबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस मानसिंह, विक्रम सिंह, मनीराम, रघुवर सिंह, रामबाई, श्यामबाई व गेन्दीया, ग्राम वेस्ट चिरमिरी कालरी पोडी वार्ड नम्बर 03 के जहांआरा की आग में जलने से मृत्यु होने पर उनके वारिस अफारी बेगम, ग्राम उधनापुर के जवाहर लाल की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिस निखिल एवं सरिता, सुनिता, सीमा, ममता, ग्राम कौड़ीमार के राय सिंह की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिस हीरालाल, ग्राम वार्ड नं0 29 इंदिरानगर, बड़ा बाजार, चिरमिरी कालोनी के अजय कुमार की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिस दिलो बाई, ग्राम साजापहाड़ मालवीय नगर वार्ड नं. 01 के संजु कुमार की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिस विरेन्द्र कुमार, ग्राम मेरो के राजमेर सिंह की पानी में डुबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस इन्द्रकुंवर के लिए 4.4 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी है। उन्होंने इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6,4, के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी है।

### सीआरजीबी द्वारा समस्त शाखाओं के आईएफएस कोड बदले गए, टीओ ने अपडेट करने जारी किया पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

जिला कोषालय अधिकारी व्हीजी उपगड़े ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा अपनी समस्त शाखाओं के आईएफ एस कोड बदल दिए गए है। जिससे ऐसे कार्यालय जिनके चालू खाते उक्त छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में संचालित है, उसमें कोषालय द्वारा किए गए भुगतान का अन्तरण पूर्व की भांति नहीं हो पाएगा। उसी प्रकार उनके अधीनस्थ ऐसे कर्मचारी जिनका वेतन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के खाते में अन्तरित होता है, बिना आईएफएस कोड अपडेट किए भुगतान का अन्तरण नहीं होगा। उन्होने माह मई, 2022 के वेतन देयक समय पर भुगतान हो सके इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के खाता धारकों के खाते को नवीन अपडेट करने कहा है।

### खरोरा में बेजा कब्जा बढ़ा, ग्रामीणों में रोष

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

नगर से लगे ग्राम खरोरा में इन दिनों बिना पूर्वानुमति के अवैध निर्माण का कार्य जोरों पर चल रहा है। शहर के करीब होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की बेशकीमती शासकीय जमीनों पर बड़ी-बड़ी दुकानें बनाई जा रही है। इसे लेकर पटवारी, तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर तक शिकायत जा चुकी है लेकिन, अवैध निर्माण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामवासियों में इसे लेकर पंचायत और प्रशासन के प्रति असंतोष व्याप्त की भावना तो पनप रही है। साथ ही साथ अवैध निर्माण पर अंकुश न लगते देख और भी बहुत सारे लोग अवैध निर्माण करने की तैयारी कर रहे हैं, कुछ जगह आम निस्तारी के रास्तों पर अतिक्रमण अवैध निर्माण किया जा चुका है और नालो पर नये रास्ते बनाए जा रहे है तथा यह सिलसिला अनवरत जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध निर्माण को रोकने और हो चुके अवैध निर्माण को तोड़ने की मांग की है।

पौन दर्जन थाना.चौकी प्रभारी इधर से उधर

### सिध्देश्वर प्रसाद सिंह सिटी कोतवाली के नये प्रभारी, विनोद शर्मा को तुमगांव का प्रभार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिला पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने महासमुंद जिले के पौन दर्जन थाना और चौकी प्रभारियों के नये स्थानांतरण आदेश जारी किये है जिसके तहत कोमाखान थाना के प्रभारी सिध्देश्वर प्रसाद सिंह को सिटी कोतवाली महासमुंद का प्रभार सौंपा है। सिटी कोतवाली से उप निरिक्षक विनोद शर्मा को थाना तुमगांव का प्रभारी बनाया गया है। तुमगांव के थानेदार रामअवतार पटेल अब कोमाखान थाने के इंचार्ज बनाये गये है। इसी प्रकार स्वराज प्रसाद त्रिपाठी बागबाहरा के चौकी प्रभारी भंवरपुर, नसीमुद्दीन खान भंवरपुर से चौकी प्रभारी बलौदा,उपनिरिक्षक लाल बहादुर सिंह तुमगांव से थाना सिटी कोतवाली महासमुंद, उपनिरिक्षक उदयराम साहू सिटी कोतवाली से चौकी प्रभारी बलौदा, उपनिरिक्षक मनोरथ जोशी बुंदेली चौक से थाना प्रभारी तेंदुकोना और उपनिरिक्षक उमाकांत तिवारी डीआरजी से थाना प्रभारी सांकरा तथा निरिक्षक इंद्रभूषण सिंह रक्षित केंद्र, को थाना प्रभारी अजाक बनाया गया है।

## नर्रा के उचित मूल्य की दुकान में लूट

17 रूपये के शक्कर की 20 रूपये वसूली

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




जिले के बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम नर्रा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में प्रति राशन कार्डधारको से सेल्समेन द्वारा प्रति किलो शक्कर के पीछे तीन रूपये की अतिरिक्त वसूली कर ग्रामीणों की जेब में डाका डालने जैसा कृत्य किया जा रहा है। शासन द्वारा राशन कार्डधारकों को प्रति किलों शक्कर 17 रूपये की दर पर उपलब्ध कराया जाने सुनिश्चित किया गया है। लेकिन नर्रा सोसायटी में शासन के निर्देशों को दरकिनार कर दुकानदारी द्वारा अतिरिक्त कमाई करने का खेल खेला जा रहा है। ज्ञातव्य है नर्रा सोसायटी में 800 कार्डधारक है जिनसे प्रतिमाह 2400 रूपये की दुकानदार द्वारा अतिरिक्त कमाई कर ग्रामीणों को लूटा जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा दुकानदार की मनमानी के खिलाफ विगत कई महिनों से आवाज उठाई जा रही है। लेकिन खाद्य विभाग ग्रामीणों की उक्त समस्या से बेखबर कान में रूई डाले और हाथ पर हाथ धरे बैठा है। जिससे ग्रामीणों में असंतोष के साथ आक्रोश भी लगातार बढ़ता जा रहा है।

## जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक सम्पन्न

सांसद महंत ने जिला चिकित्सालय में डायलिसिस मशीन की एक और यूनिट स्थापित करने पर की चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




### स्वास्थ्य, पेयजल एवं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सुविधाओं के विकास पर फोकस

लोकसभा क्षेत्र कोरबा सांसद ज्योतसना महंत के मार्गदर्शन एवं संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक अम्बिका सिंहदेव, सविप्रा उपाध्यक्ष व भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक आज जिला कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर सह अध्यक्ष के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं पदेन सदस्य सचिव कुणाल दुदावत ने जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक में सदस्यों के समक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यों की भौतिक वित्तीय प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान सांसद महंत ने जनसुविधाओं के विस्तार हेतु जिला चिकित्सालय में डायलिसिस मशीन की एक और यूनिट स्थापित करने पर चर्चा की और इस दिशा में कार्य करने हेतु कलेक्टर एवं सीएमएचओ को निर्देशित किया। शासी परिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 के कार्यों पर कार्योत्तर स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की गई जिसमें पेयजल, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के क्षेत्र पर विशेष फोकस रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 की कार्ययोजना में पेयजल आपूर्ति एवं व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण निवारण उपाय के कार्य, स्वास्थ्य एवं देखभाल में विशेषज्ञ चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ , स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु मानव संसाधन हेतु प्रावधान, शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावी क्षेत्र के शाला भवन, स्कूलों के उन्नयन कार्य, शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार, जिला पुस्तकालय कक्ष उन्नयन, आश्रम-छात्रवासों में पुस्तकालय स्थापना, प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग क्लास व्यवस्थाए कृषि के क्षेत्र में कृषकों एवं स्वसहायता समूहों हेतु मधुमखी पालन कार्य, वनपट्टा धारी कृषकों एवं लघु सीमांत कृषकों के आय में वृद्धि के लिए आवश्यक सुविधाएं विस्तार कार्य को शामिल किया गया है।

इसके साथ ही वृद्ध एवं निःशक्तजनों के कल्याण के लिए सुविधा विस्तार एवं दिव्यांगों को कौशल विकास सह जीविकोपार्जन हेतु कार्यक्रम, सतत जीविकोपार्जन में टसर सिल्क यार्न उत्पादन एवं कोसा सिल्क से वस्त्र निर्माण हेतु इकाई स्थापनाए युवा गतिविधियों का बढ़ावा सहित भौतिक अधोसंरचना के कार्यों को शामिल किया गया है।बैठक में शासी परिषद के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं क्रियान्वयन एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहें।

कंगना रनोट ने किए काशी विश्वनाथ के दर्शन

# ज्ञानवापी मुद्दे पर बोलीं– महादेव को किसी स्ट्रक्चर की जरूरत नहीं



कंगना रनोट फिलहाल अपकमिंग फिल्म धाकड़ के प्रमोशन में बिजी चल रही हैं। एक्ट्रेस हाल ही में अपनी फिल्म के रिलीज से ठीक पहले काशी विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंची। इसकी जानकारी खुद एक्ट्रेस ने फोटोज शेयर कर दी है। वाराणसी यात्रा में कंगना के साथ उनकी पूरी धाकड़ टीम भी थी। इसके साथ ही कंगना ज्ञानवापी मुद्दे पर भी मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि काशी के कण-कण में महादेव हैं। वहीं वह अपने बयान- बॉलीवुड में से किसी भी इंसान को घर बुलाना पसंद नहीं करेंगी, के साथ सुर्खियों में बनी हुई हैं।

## मंदिर के बाहर मीडिया से की बात

काशी विश्वनाथ के दर्शन कर कंगना जब लौट रहीं थीं, तो उन्होंने मीडिया से भी बात की। इसमें उन्होंने ज्ञानवापी मुद्दे पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, जैसे मथुरा के कण कण में श्री कृष्ण हैं। आयोध्या के कण-कण में राम हैं वैसे ही काशी के कण-कण में महादेव हैं। उनको किसी स्ट्रक्चर की जरूरत नही हैं। वो हम सबके कण-कण में हैं। हर हर महादेव

## सोशल मीडिया पोस्ट

कंगना ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हर हर महादेव... टीम धाकड़ के साथ काशी विश्वनाथ जी के दर्शन और गंगा जी की आरती। फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। कंगना के साथ दिव्या दत्ता, अर्जुन रामपाल भी मौजूद रहे।

## संडे ब्रंच लिस्ट में कोई बॉलीवुड सेलेब्स नहीं- कंगना

कंगना से एक इंटरव्यू में जब पूछा गया कि बॉलीवुड से किन तीन लोगों को वो संडे ब्रंच के लिए इनवाइट करेंगी। कंगना ने बताया, बॉलीवुड से तो इस सेवा के लायक कोई नहीं है।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल की जूरी मेंबर दीपिका पादुकोण बोलीं- इंडिया में टैलेंट की कमी नहीं है

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में से एक कान्स फिल्म फेस्टीवल के 75 वें संस्करण में भारत की मौजूदगी बहुत खास है। भारत को इस बार वहां कंट्री ऑफ ऑनर का दर्जा मिला है। वहां भारत के सिनेमा, संस्कृति और इसकी विरासत पर प्रकाश डाला जाएगा। वहीं खास बात है कि जूरी में भारत की तरफ से भी भागीदारी है।



एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण वहां 28 मई तक बतौर जूरी मौजूद रहेंगी। उनके साथ ईरानी फिल्म निर्माता असगर फरहादी, स्वीडिश एक्ट्रेस नूमी रैपेस, एक्ट्रेस-स्क्रीन राइटर और प्रोड्यूसर रेबेका हॉल, इटैलियन एक्ट्रेस जैस्मीन ट्रिंका, फ्रेंच डायरेक्टर लाडज ली, अमेरिकी डायरेक्टर जेफ निकोल्स और नॉर्वे के डायरेक्टर जोआचिम ट्रायर शामिल हैं। कुछ हफ्ते पहले मुझे ईमेल मिला था। मैं बहुत एक्साइटेड हूं। हंबल फील कर रही हूं। दुनियाभर के कमाल के फिल्ममेकर आसपास हैं। बेशक आगे भी इसका एक्सपीरिएंस कमाल का रहने की उम्मीद है। इंडिया दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाता है। मगर कान्स, बर्लिन, ऑस्कर जैसे फिल्म फेस्टिवल और अवॉर्ड फंक्शंस में क्या उस रेशियो से हिस्सा ले पाता है? ये सवाल दरअसल निर्माता और निर्देशकों के लिए है कि वो किस तरह की ऑडिएंसेज के लिए फिल्?में बनाना चाहते हैं। हर जॉनर की फिल्म के लिए सेंसिबिलिटीज अलग होती हैं। कुछ फिल्ममेकर मास के लिए फिल्में बनाना चाहते हैं। कई वर्ल्डओवर की ऑडिएंस के लिए फिल्में बनाना चाहते हैं। यह मेरे ख्याल से बड़ी पर्सनल चॉइस है। बाकी जिन फेस्टिवलों और अवॉर्ड फंक्शंस के नाम आपने लिए, उनके लिए बेशक हमारे फिल्ममेकर फिल्में बना सकते हैं। यह उन पर डिपेंड करता है कि वो ग्लोबल ऑडिएंस को दिखाना चाहते हैं या इंडिया की ऑडियंस को। वरना इंडिया में टेलेंट कम नहीं है। दूसरी चीज यह भी है कि इंडिया ही इतना बड़ा है और इतने सारे लैंग्वेज और कल्चर हैं कि इंडिया के अंदर ही हम तरह-तरह की फिल्में बना ही रहे हैं।

जी हां, उसका टेस्ट तो बदल गया है। यह बदलाव हालांकि बेहतरी के लिए ही है। हमारे देश में जरूर एक चीज हो रही है कि पहले हिंदी की ऑडिएंस अलग थी। तेलुगु की ऑडिएंस अलग थी। अब अगर देखा जाए तो हर रीजन का सिनेमा मर्ज हो चुका है। डायरेक्टर, एक्टर, रायटर्स का क्रॉस पॉलिनेशन देखने को मिल रहा है।

# दमकती खूबसूरत त्वचा के लिए योगासन



महिला हो या पुरुष, खूबसूरत दमकती त्वचा, हर किसी का सपना होता है। अपने इस सपने को पूरा करने के लिए लोग बाजार में मिलने वाले कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट ट्राई करते हैं। जिनकी वजह से कई बार चेहरे पर साइडइफेक्ट्स भी देखने को मिलते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ कभी हुआ है तो ब्यूटी प्रोडक्ट्स छोड़िए और चेहरे पर नेचुरल निखार पाने के लिए इन योगासन की मदद लीजिए। इन योगासनों को करने से न सिर्फ आपका शरीर भीतर और बाहर से फिट, आकर्षक बनेगा बल्कि आपके चेहरे पर गुलाबी निखार भी दिखने लगेगा।

## भुजंगासन

भुजंगासन छाती को खोलकर शरीर से थकान कम करने में मदद करता है। इस आसन को करने से शरीर को एक्सट्रा ऑक्सीजन मिलने के साथ शरीर से टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं। जिससे त्वचा पर निखार आता है।

## कैमल पोज़

कैमल पोज़ आसन करते समय व्यक्ति को पूरी तरह से पीछे की ओर झुकना होता है। यह आसन आपकी रिब केज को खोलकर आपकी लंग कैपेसिटी को बढ़ाने में मदद करता है। इस योगासन के अभ्यास से बाल झड़ने की समस्या से राहत मिलने के साथ स्ट्रेस लेवल भी कम होता है। जिससे व्यक्ति की त्वचा में चमक आती है।

## मत्स्यासन

यह आसन आपके गले और चेहरे की मसल्स को टोन करके आपकी त्वचा पर गजब का निखार लाता है। इसके अलावा मत्स्यासन हार्मोन्स को नॉर्मलाइज करने में भी बेहद लाभकारी होता है।

## हलासन

इस आसन को करने से पूरे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। यह आसन स्ट्रेस कम करके नींद से जुड़ी समस्याओं को भी दूर करने में मदद करता है। जिससे व्यक्ति की स्किन की गुणवत्ता में सुधार होता है और वह देखने में चमकदार बनती है।

## त्रिकोणासन

यह आसन आपके दिमाग और शरीर का संतुलन बनाए रखने के साथ हाथ पैरों को कठोर और मजबूत बनाए रखने में भी मदद करता है। इस आसन को करने से व्यक्ति ताजगी का अनुभव करने के साथ दमकती हुई त्वचा का सपना भी पूरा कर सकता है।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी लक्ष्मण लोपेज से करेंगे हॉलीवुड डेब्यू, लीड रोल में नजर आएंगे एक्टर



नवाजुद्दीन सिद्दीकी अमेरिकन फिल्म लक्ष्मण लोपेज में लीड रोल प्ले करेंगे। क्रिसमस की थीम पर आधारित फिल्म का निर्देशन रोबर्टो जिरौल्ट करेंगे। फिल्म की शूटिंग अमेरिका में इस साल के आखिरी तक शुरू हो जाएगी। नवाज ने मंगलवार को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2022 में रेड कार्पेट पर वॉक किया।

## नवाज को फिल्म की थीम ने किया अट्रैक्ट

नवाजुद्दीन ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म को तुरंत हां कहने को लेकर बताया। नवाज ने कहा, स्टार्टर्स के लिए क्रिसमस थीम पर आधारित फिल्म में काम करना कुछ अलग करने का मौका है। इसलिए इस फिल्म की ओर मेरा ध्यान तुरंत गया। ये एक चैलेंजिग प्रोजेक्ट होगा, जिसकी मुझे हमेशा तलाश होती है। और सबसे ज्यादा अट्रैक्ट मुझे फिल्म के नाम लक्ष्मण लोपेज ने किया।

पोर्टल ने रोबर्टो के बयान को कोट करते हुए लिखा, जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी तो मैंने लक्ष्मण लोपेज के किरदार के लिए परफेक्ट एक्टर की तलाश शुरू कर दी और मेरे दिमाग में तुरंत नवाजुद्दीन का ख्याल आया। मैंने कुछ फिल्मों में उनके काम को देखा है। और मुझे पता है कि ये रोल उनकी उस साइड को सामने लाएगी, जिसे बहुत कम लोग जानते हैं।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी मंगलवार को कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए। युनियन मिनिस्टर अनुराग ठाकुर के द्वारा लीड की गई भारतीय डेलिगेशन का हिस्सा थे। उनके साथ आर माधवन, कमल हासन, फिल्ममेकर शेखर कपूर, एआर रहमान समेत कई सेलेब्स भी 75वें कान्स फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग का हिस्सा रहे।



KKR की हार के दोषी टिम साउदी

# 19वें ओवर में लुटा दिए 27 रन, इस ओवर से बदल गया पूरा मैच

मुंबई। IPL का 66 वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जयंट्स के बीच खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ ने बगैर विकेट गंवाए 210 रन बना लिए।



वैसे तो कोलकाता के हर गेंदबाज का प्रदर्शन औसत रहा, लेकिन टिम साउदी ने अपने चार ओवर में सबसे ज्यादा 57 रन लुटा दिए। उनकी गेंदबाजी ने आखिर में मुकाबले में दोनों टीमों के बीच बड़ा अंतर पैदा कर दिया। 2 रन से मिली हार के साथ ही कोलकाता की टीम IPL 2022 से बाहर हो गई। आगे बढ़ने से पहले पोल में हिस्सा जरूर लें।

## टीम के भरोसे पर खरे नहीं उतर सके साउदी

दुनिया के नंबर वन तेज गेंदबाज पैट कमिंस की जगह साउदी को कोलकाता की टीम में चुना गया। इस वजह से कई फैंस ने इस निर्णय पर लगातार सवाल खड़े किए। हालांकि, टीम मैनेजमेंट साउदी के साथ पूरी मजबूती से खड़ा नजर आया।

उन्होंने कुछ मुकाबलों में बेहतर गेंदबाजी की। करो या मरो के मुकाबले में उनके लचर प्रदर्शन ने टीम की लुटिया डुबो दी। साउदी के कारण 6 मुकाबलों तक टीम से बाहर रखे गए कमिंस ने आखिरकार हल्की सी चोट के नाम पर टूर्नामेंट छोड़ने का फैसला कर लिया। जिस साउदी पर चयक्र ने इतना विश्वास दिखाया, उन्होंने ऐन वक्त पर टीम का भरोसा तोड़ दिया।

LSG के ओपनर्स की धमाकेदार बल्लेबाजी के बावजूद स्कोर कोलकाता की पहुंच में था। 180-190 का टारगेट KKR आसानी से चेज कर सकती थी। उसकी बैटिंग में वह फायर पावर मौजूद था। हाथ में 10 विकेट शेष होने के बावजूद लखनऊ बहुत ज्यादा आक्रामक नहीं हो पा रही थी।

डीकॉक की यादगार वापसी

# बनाया सीजन का सबसे बड़ा शतक, 10 छक्के और इतने ही चौके जड़े



**मुंबई।** कुछ जवाब जुबान से नहीं दिए जाते, परफॉर्मेंस बोलता है। डीकॉक ने कोलकाता के खिलाफ 70 गेंद पर नाबाद 140 रनों की मैच विनिंग पारी खेली। क्विंटन डी कॉक की आखिरी मुकाबले के बाद एक तस्वीर वायरल हो रही थी। इसमें वे निराश बैठे नजर आ रहे थे। दरअसल राजस्थान के खिलाफ 7 रन बनाकर डीकॉक आउट हो गए थे। उस मैच में टीम को 24 रनों से करारी करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। एक वक्त लीग स्टेज की नंबर वन टीम लास्ट फेज में टॉप 2 फिनिश के लिए भी संघर्ष कर रही थी। वायरल तस्वीर में उनके चेहरे पर घोर निराशा का भाव साफ पढ़ा जा सकता था। आगे बढ़ने से पहले पोल में हिस्सा जरूर लें।

## कोलकाता के खिलाफ दिखाया अपना असल अंदाज

डीकॉक ने हार नहीं मानी। कोलकाता के खिलाफ कप्तान केएल राहुल के रहते हुए अटैक की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। जिस वक्त राहुल 28 गेंद पर 28 रन बनाकर खेल रहे थे, उस वक्त डीकॉक ने हर गेंदबाज को मैदान के चारों तरफ शॉट मारे। देखते-देखते इस सीजन का सबसे बड़ा शतक बना दिया।

एक नजर

2023 से अमेरिकी लीग में खेलेंगे मेसी

# बेकहम के क्लब इंटर मियामी से जुड़ सकते हैं मेसी, इस टीम के 35% शेयर खरीदेंगे




अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी मेजर लीग सॉकर (MLS) में खेलते नजर आ सकते हैं। मेसी अभी फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (PSG) की ओर से खेलते हैं। उनका PSG से करार जून 2023 तक का है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मेसी PSG से करार खत्म होने के बाद अमेरिकन फुटबॉल क्लब इंटर मियामी से जुड़ सकते हैं। इस क्लब में डेविड बेकहम का भी मालिकाना हक है। हालांकि, उनके इस क्लब से जुड़ने के पहले इसके 35% शेयर खरीदने की उम्मीद है। मेसी पिछले समर ट्रांसफर में बार्सिलोना छोड़कर PSG से जुड़ गए थे। उन्होंने PSG से दो साल का करार किया था। डायरेक्टीवी के जर्नलिस्ट एलेक्स कैंडल ने कहा कि उनके 2023 में इंटर मियामी से जुड़ने की उम्मीद है। कैंडल के मुताबिक, इस समय 34 साल के मेसी MLS क्लब के 35 फीसदी शेयर खरीदने पर काम कर रहे हैं।

इंटर मियामी के को-ओनर और कार्यकारी निदेशक जॉर्ज मैस ने कहा, 'मेसी अभी दुनिया के बेस्ट खिलाड़ियों में से एक है। उनके कौशल में कमी नहीं आई है। मेरा मानना है कि उनके बेकहम के साथ अच्छे रिश्ते हैं। जब वे क्लब छोड़ेंगे तो उनके हमारे क्लब से जुड़ सकते हैं। मैं इसे लेकर आशावादी हूं। इसके होने की पूरी उम्मीद है।'

IPL मैचों की टाइमिंग में अगले सीजन से होगा बदलाव

# BCCI 2023 से दोपहर के मैच शाम 4 बजे और रात के मैच 8 बजे से कराएगा

**मुंबई।** IPL के 15वें सीजन में लीग के कुछ ही मैच बचे हुए हैं। इस बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने 2023 से IPL के समय में बदलाव करने का फैसला किया है। अगले साल से रात के मैच 8 बजे से और शाम के मैच 4 बजे से खेले जाएंगे। वर्तमान में दोपहर का मुकाबला 3:30 बजे से और शाम का मुकाबला शाम 7:30 बजे से शुरू होता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बोर्ड ने IPL ब्रॉडकास्ट के लिए होड़ में शामिल सभी कंपनियों को पत्र लिखकर सूचित किया है कि अगले सीजन से IPL के दोनों मैचों की टाइमिंग आधा घंटा बढ़ाई गई है। दोहपर का मैच 3:30 बजे के बजाय शाम 4 बजे से शुरू होगा। रात के मुकाबले 7:30 बजे के बजाय रात 8 बजे से होंगे। अभी दोपहर के मुकाबले का टॉस 3 बजे होता है, जबकि रात के मैच के लिए टॉस 7 बजे होता है। अगले साल से दोपहर के मैच के लिए टॉस 3:30 बजे होगा और शाम के मुकाबले का टॉस 7:30 बजे होगा।

भारत में हो रही बैडमिंटन क्रांति

# कोच पुलेला गोपीचंद बोले- गांव-गांव से निकलेंगे लक्ष्य सेन जैसे सितारे, 6 साल की उम्र से बच्चे को सिखाएं खेल



**दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन टीम ने रविवार को 73 साल बाद थॉमस कप जीतकर इतिहास रचा दिया। टीम इंडिया के चीफ कोच पुलेला गोपीचंद ने इसे बैडमिंटन के लिए 1983 वर्ल्ड कप क्रिकेट से बड़ी जीत करार दिया। दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में गोपीचंद ने कहा कि भारत बैडमिंटन का नया पावर सेंटर बनने की दिशा में कदम रख चुका है। आने वाले समय में देश के गांव-गांव से किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन जैसे खिलाड़ी सामने आने वाले हैं।

83 की जीत के बाद देश में क्रिकेट को पहचान मिली, बैटिमिंटन पहले से लोकप्रिय गोपीचंद ने कहा- 1983 में वर्ल्ड कप की जीत के बाद लोगों ने क्रिकेट को जाना। उसकी लोकप्रियता बढ़ी और पेरेंट्स अपने बच्चे को क्रिकेटर बनाने का सपना देखने लगे। बैडमिंटन के साथ ऐसा नहीं है। लगातार मिली कई उपलब्धियों की वजह से देश में 10 साल पहले ही बैडमिंटन क्रांति शुरू हो चुकी है। थॉमस कप की इस जीत से बैडमिंटन क्रांति को और आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। गोपीचंद ने कहा- अब गांव और छोटे शहर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है। सरकार की कई योजना है जो खिलाड़ियों की टेलेंट की पहचान करती है। साथ ही उन्हें बेहतर कोचिंग फैसलिटी उपलब्ध कराकर उनके सपने को पंख देने का काम कर रही है।

युवा मोहसिन का दमदार प्रदर्शन

# कोलकाता के खिलाफ सिर्फ 20 रन देकर हासिल किए 3 विकेट, उनके आगे नहीं चल सका रसेल का बल्ला




**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 2 रन से जीत हासिल की। जिस वक्त बाकी गेंदबाज रन के लिए जा रहे थे, उस वक्त च्यक्र के खिलाफ हाई स्कोरिंग मैच में मोहसिन ने सिर्फ 20 रन देकर 3 विकेट लिए और मुकाबले का रुख बदल कर रख दिया।

मोहसिन की लाजवाब गेंदबाजी के सामने वेंकटेश अय्यर और आंद्रे रसेल जैसे दिग्गज बल्लेबाजों की एक न चली। लखनऊ मैच जीतकर टॉप 2 में शामिल हो गई। IPL मैचों में जहां एक तरफ गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाज बड़े प्रहार कर रहे हैं, वहीं मोहसिन ने IPL में सिर्फ 5.93 की इकोनॉमी से रन खर्च किए हैं। आगे बढ़ने से पहले इस पोल में जरूर हिस्सा लें।

मोहसिन खान वो लेफ्ट आर्म पेसर हैं, जिनकी इस IPL में सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। मोहसिन का लेफ्ट-आर्म एंगल और बल्लेबाज को चौंकाने की क्षमता रखने वाला उनका बाउंसर, उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उनकी हेवी बॉल पर बाउंड्री मारना किसी भी बल्लेबाज के लिए बहुत मुश्किल होता है। IPL में शानदार प्रदर्शन के बाद मोहसिन के साउथ-अफ्रीका दौरे के लिए टीम में चुने जा सकने की चर्चा भी तेज है।

# हफ्ते भर के अंदर बंदी की दूसरी मौत

## चोरी के मामले में बंद युवक की मौत, स्वजन को देखने नहीं दिया शव

**बिलासपुर ।** रेलवे संपत्ती चोरी के मामले में जेल में बंद युवक की सिम्स में मौत हो गई। गुरुवार को सिम्स में शव का पंचनामा होगा। इस दौरान स्वजन और न्यायिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहेंगे। सेंदरी केंवट पारा में रहने वाले विदेशीराम केंवट जांजगीर—चांपा जिला स्थित अपने ससुराल बोकरामुड़ा में रहते थे। वे रेलवे में रोजी—मजदूरी करते थे। 14 मई को आरपीएफ ने रेलवे संपत्ती चोरी के मामले में उसे गिरफ्तार किया था। उसे उसी दिन जेल भेज दिया गया था। जेल में उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके कारण उसे जेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जेल में तबीयत में सुधार नहीं होने पर उसे सिम्स में भर्ती करा दिया।




बुधवार की सुबह उसकी सिम्स में मौत हो गई। पुलिस ने इसकी सूचना मृतक के स्वजन को दी। गुरुवार की सुबह पुलिस की ओर से घटना की जानकारी न्यायालय को दी गई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### पुलिस ने कहा कुत्ता काटने से था बीमार ः

जेल प्रशासन की ओर से सिम्स में बताया गया कि विदेशीराम को कुत्ते ने काट लिया था। इसके कारण वह बीमार था। उसका उपचार चल रहा था।

स्वजन को देखने नहीं दिया शव ः बुधवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने पर विदेशी राम के भाई मानू केंवट सिम्स पहुंचे थे। यहां उन्होंने सिम्स चौकी के प्रभारी से मिलकर अपने भाई का शव दिखाने के लिए कहा। इस पर पुलिस ने उसे सिविल लाइन पुलिस की मौजूदगी में शव दिखाने की बात कही। साथ ही गुरुवार की सुबह 10 बजे बुलाया।

# संयुक्त संचालक स्वास्थ्य ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

गौरेला—पेंड्रा—मरवाही ।



संयुक्त संचालक बिलासपुर संभाग डॉ.प्रमोद महाजन ने बुधवार को जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र का भी अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। डॉ महाजन ने जिले में नए जिला अस्पताल भवन निर्माण के लिए चिन्हांकित स्थल का भी निरीक्षण किया। संयुक्त संचालक द्वारा डॉ अभिमन्यु सिंह को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ—साथ जिला अस्पताल का रेसिडेंट मेडिकल ऑफिसर का कार्य करने के निर्देश भी दिए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले में जिला मेडिकल बोर्ड के लिए चिकित्सकों की मांग की। इस पर संयुक्त संचालक बिलासपुर संभाग द्वारा जल्द से जल्द मांग पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र पैकारा, सिविल सर्जन डॉ कौशल प्रसाद उपस्थित थे।

## एक नजर

### कमिश्नर डॉ. अलंग अवकाश पर, के.एल.चौहान होंगे प्रभारी कमिश्नर

**बिलासपुर।** कमिश्नर डॉ. संजय अलंग पांच दिन के अवकाश पर गये हैं। तब तक के लिए कार्यालय के अपर आयुक्त श्री के.एल.चौहान प्रभारी कमिश्नर के रूप में शासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### 'शिक्षित बेरोजगारों को उद्योग एवं व्यवसाय के लिए मिलेगा ऋण'

'05 जून तक कर सकते हैं आवेदन'

**बिलासपुर ।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत उद्योग एवं व्यवसाय स्थापित करने के लिए ऋण प्रदान किया जाएगा। ऋण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 05 जून 2022 तक रखी गई है। इच्छुक युवक-युवती अपना आवेदन कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र न्यू कंपोजिट बिल्डिंग बिलासपुर में जमा कर सकते हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत उद्योग की स्थापना के लिए अधिकतम 25 लाख सेवा क्षेत्र के लिए अधिकतम 10 लाख तथा किसी भी प्रकार के व्यवसाय के लिए अधिकतम 02 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से स्वीकृत किया जाता है। इसके लिए आवेदक को राज्य का मूल निवासी होना चाहिए तथा न्यूनतम आठवीं की परीक्षा पास होना चाहिए। आवेदन के लिए परिवार की वार्षिक आय 03 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। यदि आवेदक एस.टी., एस.सी., ओ.बी.सी., महिला तथा निःशक्तजन वर्ग से संबंधित है तो उन्हें आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी। इच्छुक आवेदक आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए प्रबंधक श्री संदीप वर्मा मो. नं. 9407775844, सहायक प्रबंधक श्री श्रीधर राव मो.नं. 7587097969 तथा कार्यालय के फोन नं. 07752-250082 पर संपर्क कर सकते है। ऋण के लिए आवेदक को आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, ड्रायविंग लायसेंस में से कोई एक प्रमाण पत्र तथा शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। योजना के अंतर्गत विभिन्न वर्ग के आवेदकों को नियमानुसार मार्जिन मनी अनुदान की भी पात्रता होगी।

### माइक्रो फायनेंस योजना के अंतर्गत मिलेगा टर्म लोन

**बिलासपुर ।** जिले के पिछड़े वर्ग के लोगों को माइक्रो फायनेंस योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2022-23 के लिए टर्म लोन प्रदान किया जाएगा। लोन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई कार्यालयीन समय तक रखी गई है। इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग बिलासपुर स्थित जिला अंत्यावयसायी सहकारी विकास समिति के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। आवेदन के लिए व्यक्ति को बिलासपुर जिले का निवासी होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ-साथ सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित जाति, निवास, अंकसूची तथा आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। लोन के लिए आवेदक की वार्षिक आय 03 लाख से कम होनी चाहिए तथा संबंधित व्यक्ति को आवेदन के साथ-साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति भी जमा करनी होगी।

राजीव गांधी किसान न्याय योजनाः

### खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए प्रथम किस्त की राशि किसानों के खाते में किए जाएंगे ट्रांसफर

छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष होंगे गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में राशि अंतरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश के अनुसार राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों के खाते में राशि अंतरण के लिए इस वर्ष 21 मई को सभी जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि अधिकृत किए गए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री, विधायक, निगम-मंडल और आयोग के अध्यक्ष जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। जिले के सभी विधायक तथा जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 की प्रथम किस्त के रूप में करीब 1700 करोड़ रूपए किसानों के खाते में अंतरित किए जाएंगे। इस योजना के तहत बीते 2 वर्षों में किसानों के खाते में 12 हजार 209 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मुख्य अतिथियों को अधिकृत किया गया है। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र शर्मा होंगे।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान टुण्ड्री के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत टुण्ड्री के शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन में अनियमितता पाये जाने पर शासकीय उचित मूल्य दुकान टुण्ड्री के संचालन एजेंसी को निरस्त किया गया है एवं आगामी आदेश पर्यन्त शासकीय उचित मूल्य दुकान सिंधीतराई आई.डी. 542009064 में संलग्न किया गया है। ग्राम पंचायत टुण्ड्री का संचालन एजेंसी रिक्त है। अतः शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत टुण्ड्री का संलग्नीकरण समाप्त कर स्वतंत्र रूप से अलग से शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटित किया जाना है। इच्छुक ग्राम पंचायत/समूह/संस्था 02 जून 2022 तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डभरा में आवेदन पत्र/प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं।

# एग्जाम सेंटर के बाहर खड़ी गाड़ियों से आठ छात्र-छात्राओं के मोबाइल चोरों ने किया पार

**बिलासपुर ।** तारबाहर क्षेत्र के रेलवे स्कूल के बाहर चोरों ने स्कूटी की डिक्की खोलकर आठ मोबाइल पार कर दिए। पीड़ित छात्राओं ने इसकी शिकायत तारबाहर थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। सरकंडा में रहने वाली हरजोत कौर गंभीर 10वीं की छात्रा हैं। बुधवार को उनकी हिंदी विषय की परीक्षा थी। वे अपने साथ पढ़ने वाली छात्राओं के साथ परीक्षा दिलाने के लिए रेलवे स्कूल सेरसा ग्राउंड के पास आई थीं। सेंटर में जाते समय उन्होंने अपना मोबाइल स्कूटी की डिक्की में रख दिया।



उनके साथ सिया सिंह, मेरी ज्योति, वामिका शुक्ला, एहशान तिवारी, अनुप्रिया, संस्कृति, हिमांशु सिंह ने भी अपना मोबाइल स्कूटी की डिक्की में रख दिया। वे वाहन स्कूल के अंदर लेकर जा रहे थे। स्कूल प्रबंधन की ओर से उन्हें वाहन अंदर नहीं ले जाने दिया गया। उन्होंने अपनी स्कूटी गेट के बाहर ही छोड़ दिया। परीक्षा दिलाने के बाद वे बाहर निकलीं तो उनकी स्कूटी की डिक्की खुला था। चोरों ने डिक्की खोलकर उनका मोबाइल पार कर दिया था। छात्रा की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### स्कूल के बाहर पहले भी हो चुकी है चोरियां ः

इससे पहले भी रेलवे क्षेत्र में चोरों ने स्कूल के बाहर खड़े वाहनों से मोबाइल पार कर दिया था। इसकी शिकायत तारबाहर और तोरवा थाने में की गई। मामले में पुलिस अब तक चोरों को पकड़ नहीं पाई है। बुधवार की सुबह भी चोरों ने एक साथ आठ मोबाइल पार कर दिए। इसकी शिकायत पर पुलिस मौके तक जाना भी जरूरी नहीं समझा।

### शहर से रोज हो रहे वाहन पार

शहर से रोज बाइक और स्कूटी पार हो रहे हैं। अस्पतालों और भीड़भाड़ वाली जगहों से चोर पलक झपकते ही वाहनों को पार कर रहे हैं। इसकी शिकायत पर पुलिस शिकायत लेकर खानापूर्ति कर रही है। जुर्म दर्ज कराने के लिए पीड़ितों के थाने के चक्कर काटने पड़ते हैं।

# बात नहीं करने पर युवती को मिली जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज पुलिस कर रही है जांच

**बिलासपुर ।** स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाली युवती को उसके दोस्त ने जान से मारने की धमकी दी है। युवती की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

मगरपारा के नासिर बाड़ा में रहने वाली युवती स्वास्थ्य विभाग में काम करती है। उनका परिचय तालापारा में रहने वाले मोहम्मद जुबेर से था। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी। बाद में युवती ने उससे बात करना बंद कर दिया। इस पर युवक उसे बात करने के लिए दबाव बनाता था। मना करने पर वह गाली-गलौज करता। बाद में युवक की सगाई हो गई। इसके कुछ दिन बाद ही उसकी सगाई टूट भी गई। इसका दोष वह युवती को देता



था। बुधवार को युवती अपने घर में थी। इस दौरान जुबेर वहां आ गया। उसने युवती से गाली-गलौज की।

इसका विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव करने पर उसने युवती के रिश्तेदारों से भी गाली-गलौज की। युवती ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# गरीबों के दाने पर भूपेश बघेल का डाका, 25 सौ करोड़ का राशन घोटाला - केदार कश्यप

## राशनखोर सरकार के काले कारनामों की केन्द्रीय ऐजेन्सी से जाँच कराये केन्द्र सरकार

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक तरफ गरीबों के मसीहा बनने का ढोंग कर रहे हैं और दूसरी तरफ गरीबों के दाने पर भूपेश बघेल सरकार डाका डाल रही है। केंद्र सरकार से मिले अतिरिक्त राशन में इस सरकार ने अब तक करीब 25 सौ करोड़ का घोटाला किया है। हर कार्ड पर लगभग 15 किलो राशन की लूट की जा रही है। बस्तर से लेकर सरगुजा अंचल के साथ ही मध्य छत्तीसगढ़ में हर जगह से गरीबों का राशन हड़पने की शिकायतें मिल रही हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार



**प्रत्येक राशन कार्ड में 15 किलो राशन की लूट का खेल, गरीबों का राशन हड़पने की लगातार सामने आ रही शिकायतें**

कश्यप ने कहा कि सरगुजा संभाग के बाद अब भूपेश बघेल बस्तर संभाग में झूठ लीला दिखा रहे हैं तो वे लगे हाथ यह भी बता दें कि बस्तर संभाग के गरीबों का कितना राशन खा गए हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी रायपुर के नजदीकी जिले कवर्धा में राशन पर सरकारी डाके का मामला सामने आया है जिसमें बताया जा रहा है कि हर कार्ड में प्रति सदस्य 5 किलो अतिरिक्त राशन देना था, जो नहीं दिया जा रहा। प्रति कार्ड औसतन 15 किलो राशन का घोटाला किया गया है। पूरे राज्य में भूपेश बघेल का राशन माफिया गरीबों के अन्न की लूट मचाये हुए हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप ने कहा कि यह कमीशन और लूटमार सरकार पहले तो गरीबों के मकान खा गई। बस्तर मुख्यालय जगदलपुर में कांग्रेस की पार्षद प्रधानमंत्री आवास के नाम पर गरीबों से अवैध वसूली करती रही लेकिन कांग्रेस और भूपेश बघेल के संरक्षण के कारण उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित गरीबों ने जब राजभवन में गुहार लगाई तो उस कांग्रेस पार्षद को जेल की जगह अस्पताल भेजा गया। भूपेश बघेल की सरकार ने राज्य के लाखों गरीबों के मकान का सपना चकनाचूर कर दिया। इस पर ही चैन नहीं मिला तो अब यह सरकार गरीबों का राशन डकार रही है। केंद्र सरकार को इस राशनखोर सरकार के काले कारनामे की केंद्रीय एजेंसी से जांच करानी चाहिए।

# बीच सड़क मारपीट का वीडियो हुआ वायरल, कोतवाली पुलिस ने दो को भेजा जेल

**जगदलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को बाधित कर सड़क के बीचों बीच मारपीट करने वालों को कोतवाली पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा कि इस मारपीट की घटना का वीडियो वायरल हुआ था, जो पुलिस के हाथ लगा। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में बिनाका माल के सामने चार लोगों के द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने संबंधी वीडियो 18 मई को सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल हुआ था। जिस पर थाना स्टाफ प्रधान आरक्षक नकुल नरेटी, भुपेन्द्र नेताम और प्रकाश नायक



के टीम द्वारा वायरल वीडियो के आधार पर तुरंत घटनास्थल पहुंचकर मारपीट करने वाले लोगों की पहचान की गयी। जिसके बाद 03 आरोपियों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना नाम रितिक सागर, उम्र 23 वर्ष, दन्तेश्वरी वार्ड कन्हैया किराना दुकान के पीछे जगदलपुर निवासी, बजरंगी गुप्ता, उम्र 19 वर्ष, निवासी नयामुंण्डा अम्बेडकर वार्ड जगदलपुर और एक अपचारी बालक के साथ मिलकर बिनाका मॉल के पास लड़ाई झगड़ा करना स्वीकार किया। जिसके बाद प्रतिबंधात्मक धाराओं 151,107,116(3) जा.फौ. के तहत् गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय जगदलपुर से जेल भेजा गया है।




# पायल एक नया सवेरा फिर किसी की उम्मीद पर खरा उतरा

**बिलासपुर ।** गोलू साहू लिंगयाडीह निवासी जो मजदूरी काम करते थे एक दिन काम करने के दौरान ये बिल्डिंग से नीचे गिर गए। गंभीर चोट आई इस हादसे के बाद इनके दोनों पैर हड्डी टूट गई दोनों पैरों में राड लगी गोलू साहू जी घर में एक लौटे इंसान जो कमाने वाले थे उनके दोनों पैर टूट जाने के कारण घर में आर्थिक तंगी की स्थिति मौजूद हो गई खाने के लिए राशन तक नहीं था वहां पर रहने वाले यज्ञस्वर साहू ने पायल एक नया सवेरा की अध्यक्ष श्रीमती पायल लाठ जी से संपर्क किये और कहा कि एक मजदूर है उनके साथ एसा हादसा हुवा तो क्या आप इनके लिए कोई मदद कर सकती है। फिर हम



गोलू साहू से पायल एक नया सवेरा के फाउंडर मेंबर चंचल सलूजा इनसे मिलने इनके घर गए और वाह परिवार के साथ बैठकर कुछ पल बिताए ओर 1 महीने का राशन तुरंत उनके परिवार को उपलब्ध कराया गया और पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन की तरफ से जब तक गोलू के पैर पूरी तरह ठीक नहीं हो जाते हर महीने का राशन एनजीओ के द्वारा दिया जाएगा। ये हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि हमारे द्वारा की गई कोशिश कामयाब हुई। आप सभी से निवेदन है मेरा की एसे लोगो के लिए आगे आये और इनकी हिम्मत बनकर इनका सहयोग करे।ताकि ये जिंदगी को फिर से पहले जैसे जी सके।

# आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, शासकीय महाविद्यालय और खेल मैदान की स्थानीय मांग को दी मंजूरी

## मुख्यमंत्री ने नक्सल पीड़ित आदिवासी महिला को दी 5 लाख रूपए की मदद

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



मुख्यमंत्री बघेल ने भेंट मुलाकात के दौरान कुटरू को दी कई सौगात, वनांचल में शिक्षा, स्वास्थ और खेल सुविधाओं के विकास के लिए की कई घोषणाएं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बीजापुर विधानसभा के कुटरू में नागरिकों से भेंट मुलाकात के लिए पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों ने आदिवासी परंपरा के प्रतीक स्वरूप मुख्यमंत्री को मुंगरू पागा बांधकर और कटोक लगाकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए आम जनता को कई महत्वपूर्ण सौगात दी। आम लोगों से बात.चीत के दौरान आई मांग पर भी मुख्यमंत्री बघेल ने त्वरित निर्णय लेते हुए कई घोषणाएं की। इनमें वनांचल में शिक्षा, स्वास्थ, खेल और धान खरीदी केन्द्र जैसी नागरिकों की मूलभूत जरूरतों से संबंधित स्वीकृति शामिल है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने वनाधिकार पट्टा मिलने, जाति प्रमाण पत्र समय पर मिलने और योजनाओं का लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा मैं कुटरू में पहली बार आया हूँ। हमने ऋण माफी की। आपको भी ऋ ण माफ ी का लाभ हुआ होगा। किसानों ने बताया कि उनका 20 हजार से 2 लाख तक कर्जा माफ हुआ है। मुख्यमंत्री बघेल के कहते ही कि परसों फिर आपके खाते में राजीव गांधी न्याय योजना का पैसा आएगा। तालियां जोर.जोर से बजने लगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास जमीन नहीं हैए उन्हें भी 7 हजार दिया जा रहा है। हमारी सरकार बैगा गुनिया, गायता, पेरमा, मांझी को भी 7 हजार दे रही है। इस पर स्थानीय लोगों ने खुशी से ताली बजाकर आभार जताया। उन्होंने तेंदू पत्ता की संग्रहण राशि के बारे में जानकारी ली और पूछा किस किसान ने ट्रैक्टर ली है। तभी किसान मंगलूराम ने बताया कि मैंने आपकी सरकार बनते ही ट्रैक्टर ले लिया था। मुख्यमंत्री बोले पहले किश्त न चुका पाने के कारण किसानों का ट्रैक्टर खींचा जाता था। लेकिन अब पहली बार हो रहा है कि किसानों का ट्रैक्टर नहीं खींचा जा रहा है, क्योंकि पर्याप्त राशि मिल रही है। बघेल से भेंट.मुलाकात में स्थानीय ग्रामीण सत्यसागर हरिकेला ने मुख्यमंत्री को बताया कि कुटरू क्षेत्र में एक भी अंग्रेजी माध्यम स्कूल नहीं है। राज्य सरकार के स्वामी आत्मानंद स्कूल की गूंज पूरे देश में है। कुटरू क्षेत्र में आदिवासी लोग अधिक हैं। जो प्रायवेट अंग्रेजी स्कूल में बच्चों को नहीं पढ़ा सकते। बीजापुर और बरेली में अंग्रेजी माध्यम स्कूल हैं। लेकिन वह काफी दूर है। यह कहते हुए सत्यसागर ने मुख्यमंत्री से क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने का निवेदन कियाए जिसका सभी ग्रामीणों ने समर्थन किया। लोगों की मांग पर तुरंत निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कुटरू में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की घोषणा की। हाईस्कूल के बाद कॉलेज की पढ़ाई के लिए बीजापुर और दूसरे स्थानों पर जाने की छात्र-छात्राओं की परेशानी दूर करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कुटरू में शासकीय महाविद्यालय खोलने की भी मंजूरी प्रदान की। कॉलेज छात्र और राजीव गांधी युवा मितान क्लब के सदस्य श्री मंगलूराम कुड़ियाम की मांग पर मुख्यमंत्री ने तुरंत कुटरू में ग्राम पंचायत अड्डावली में खेल मैदान निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही कुटरू में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मिनी स्टेडियम और सरकारी बैंक खोलने की भी स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही कुटरू में हाईस्कूल के नए भवन की मंजूरी भी दी। उन्होंने बेदरे फ रसेगढ़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, फरसेगढ़ में नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने के साथ जैवारम प्राथमिक स्कूल के मिडिल स्कूल में उन्नयन की भी स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात में नक्सली हिंसा पीड़ित रीता मंडावी को 5 लाख रूपए कि आर्थिक सहायता प्रदान की। मुख्यमंत्री के हाथों सहायता राशि मिलने के बाद रीता मंडावी ने कहा कि वो इन पैसों को अपने बच्चों की शिक्षा और उनके बेहतर भविष्य के लिए खर्च करेगी और अपने जीवन को पहले की तरह ही समाज सेवा और लोगों को जागरूक करने में समर्पित करेगी। मुख्यमंत्री से बातचीत में किसान मंटूराम ने बताया कि वे अपने पत्नी संग रातभर गोबर की चौकीदारी करते हैं। कुछ दिन पहले उनके इकट्ठे किये गोबर को गांव के कुछ लोग उठा ले गए थे। गोधन न्याय योजना में गोबर बेचकर मिले 28



हजार रुपये से उन्होंने मकान रिपेयर कराया है। अब घर की छत नहीं टपकती। भेंट.मुलाकात के दौरान बालक युवान हेमला ने अपनी सुरीली आवाज में मुख्यमंत्री को फ ील्म केसरी का गाना ष्तेरी मिट्टी में मिल जावां सुनाया।

मुख्यमंत्री ने खुश होकर बच्ची को पास बुलाया और चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री ने स्थानीय ग्रामीण से हाट बाजार क्लिनिक योजना के सुचारू संचालन के बारे में जानकारी लेने पर ग्रामीण ने बताया कि हाट बाजार में इलाज के लिए गाड़ी आती है। जिसमें दवा और इलाज दोनों ही मुफ्त हो रहा है। इस मौके पर स्व सहायता समूह से जुड़ी ऐसी महिलाएं भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करने आई जिनकी जिंदगी में सुखद बदलाव ग्रामीण विकास की योजनाओं एवं आजीविका मूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने से आए हैं। इन महिलाओं ने बताया कि स्व सहायता समूह से जुड़कर वे आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुई हैं। वे अपने परिवार को भी आर्थिक रूप से सहयोग दे पा रही हैं। गौठान में आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन से आर्थिक आय के नए अवसर उपलब्ध हुए हैं। इसके साथ ही बिहान योजना का जो दायरा ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ा है उसकी वजह से महिलाओं की आर्थिक आय बढ़ रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्व सहायता समूह की महिलाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि गौठान में आजीविका मूलक गतिविधियों के विस्तार और बिहान के माध्यम से स्व सहायता समूह को मजबूत करने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। स्व सहायता समूह ग्रामीण विकास की मजबूत कड़ी के रूप में कार्य कर रही है और गौठान आजीविकामूलक केंद्रों के रूप में विकसित हो रहे हैं।

## एक नजर

### कोविड से मृत लोगों के वारिसानों को अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार रायगढ़ जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत व्यक्तियों के परिजनों व आश्रितों को कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन उपरांत संबंधित अनुविभाग के एसडीएम व तहसीलदार के प्रकरण पश्चात पात्र पाए गए 43 मृतकों के नजदीकी वारिसानों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील रायगढ़ अंतर्गत 26 व्यक्ति जो कोविड से मृत्यु पश्चात पात्र पाए गए इनमें उषा अग्रवाल, उमाशंकर महंत, अजय यादव, मुरलीधर यादव, गोवर्धन दास महंत, पदमा देवांगन, माखन साव, सुक्रीतदास महंत, रामलाल, समयलाल सारथी, हेमलता गोपाल, केदारनाथ, संतोषी साहू, सुभाष चंद्र, चाहमुनी मेश्राम, उषा गोयल, चन्द्रलता नायडू, दुशास बेहरा, खुर्शीदा, अतुल कुमार श्रीवास्तव, धरमसिंह पटेल, सीताराम साहू, पुनिया बाई साहू, राजेश श्रीवास्तव, घुरारूराम देवांगन एवं विनोद छबलानी शामिल है। इसी तरह घरघोड़ा अंतर्गत मृत 3 व्यक्तियों में मोंगराबाई, सुनील कुमार एवं भुवनलाल साहू, धरमजयगढ़ अंतर्गत मृत 2 व्यक्तियों में बुधराम यादव एवं भुनेश्वर, खरसिया अंतर्गत मृत 6 व्यक्तियों में सतेन्द्र पाण्डेय, कलावती, ओमप्रकाश, कुन्दनलाल पटेल, नवीन गवेल एवं पुनीराम, लैलूंगा अंतर्गत रमेश कुमार, पुसौर अंतर्गत मृत 3 व्यक्तियों में अमृतलाल, नंदकिशोर एवं अजान यादव तथा सारंगढ़ अंतर्गत 2 मृत व्यक्तियों में मुकेश कुमार थुरिया तथा सुशीला शामिल है।

### मरम्मत हेतु कोतरा रेल फाटक 27 व 28 की रात से अगली सुबह तक सड़क यातायात के लिए रहेगा बंद

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सहायक मंडल अभियंता रेलवे रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया है कि 27 से 28 मई एवं 28 से 29 मई 2022 को रात 10 बजे से प्रात: 7 बजे तक रायगढ़ व किरोड़ीमलनगर के बीच स्थित कोतरा मानवयुक्त समपार फाटक क्रमांक 289, कि.मी.588/13-15 में आवश्यक रेल लाइन के मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात बंद रहेगा। जनसामान्य इस दौरान वाहन जिंदल अंडर ब्रिज के नीचे की सड़क का उपयोग कर सकते है।

### सड़क दुर्घटना : वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की आकस्मिक मृत्यु एवं एक व्यक्ति के घायल होने पर तहसीलदार रायगढ़ एवं पुसौर की अनुशंसा पर एसडीएम रायगढ़ द्वारा मृतक के नजदीकी वारिसान व घायल व्यक्ति को 25-25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम-भुक्ता तहसील आम्बाभौना बरगढ़ ओडिसा निवासी किशन पटेल की लोहरसिंह पुसौर के पास 2 दिसम्बर 2020 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पिता कुमार पटेल को 25 हजार रुपये, तहसील सारंगढ़ के ग्राम-खजरी निवासी तुकाराम साहू की 13 सितम्बर 2021 को चिखली पुसौर के पास सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पुत्र मनबोध प्रसाद साहू को 25 हजार रुपये, तहसील पुसौर ग्राम-तेतला निवासी दीपक यादव की 9 अप्रैल 2021 को गुड़गहन पुसौर के पास सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पिता सुशील कुमार यादव को 25 हजार रुपये, तहसील खरसिया के ग्राम-बरगढ़ निवासी दिव्यानी तुरी की 28 अप्रैल 2022 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पिता-घनश्याम तुरी को 25 हजार रुपये एवं ग्राम रामपुर किरारी तहसील डभरा जिला-जांजगीर चाम्पा निवासी किशन कुमार बरेठ को सूपा पुसौर के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 10 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा 29 मई को

अपर कलेक्टर श्री कुरूवंशी नोडल अधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 29 मई 2022 को पीपीटी-2022 प्रवेश परीक्षा प्रात: 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी को नोडल अधिकारी एवं प्रधान पाठक रामकुमार चौहान को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## अप्रेन्टिस में प्रवेश लेने के लिए जिला रोजगार केन्द्र में 23 मई को होगा कैम्प

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मे.रायगढ़ एनर्जी जनरेशन लिमिटेड (आदानी पावर) ग्राम-छोटे भंडार पो.बड़े भंडार तहसील पुसौर, रायगढ़ के द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए अप्रेन्टिस हेतु प्रवेश के लिए रिक्तियों की प्राप्ति हुयी है। अप्रेन्टिस में प्रवेश लेने के लिए 23 मई 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर अप्रेन्टिस में प्रवेश हेतु भाग ले सकते है।

जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मेकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन, कंट्रोल एंड इन्स्ट्रूमेशन इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साईंस एंड एप्लीकेशन में रिक्तियां है। इसमें विकासखण्ड पुसौर रायगढ़ के आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदक को 10 वीं एवं 12 वीं में 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## बस्तर में झमाझम बारिश, कई सड़कें जलमग्न

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में गुरुवार की शाम एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदला। जगदलपुर में बादलों की गड़गड़ाहट के साथ करीब डेढ़ घंटे तक तेज झमाझम बारिश हुई। जिससे शहर की कई सड़कें जलमग्न हो गई। काफी देर तक आवागमन भी प्रभावित रहा। इधर, अब मौसम विभाग ने अगले 4 घंटों में बस्तर संभाग के कई जिलों में गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने की संभावना जताई है। जगदलपुर शहर में शाम 4 बजे से मौसम खुशनुमा हो गया था। कुछ देर तक ठंडी हवाएं भी चली। वहीं 5 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई।

## समर कैम्प: खेल-खेल में बच्चे सीखे रहे विभिन्न गतिविधियां

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के निर्देशन और विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुसौर के मार्गदर्शन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से पुसौर विकासखंड के कुछ प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। इस पूरे कार्यक्रम में उस शाला के शिक्षक साथियों का सहयोग बहुत ही सक्रिय रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, गर्मी के छुट्टी के दौरान बच्चों के साथ मिलकर खेल-खेल में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया निरंतरता बनाए रखना तथा मजेदार गतिविधि से सीखने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना।



बाल-गीत, बाल-कविता, कहानी सुनना-सुनाना, बच्चों की कहानी, कहानी निर्माण, चलो देखे-लिखे-इस में बच्चों के साथ समूह मैं अवलोकन और अवलोकन आधारित बातचीत तथा लेखन मैं कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार ही गणित में मुख्य रूप से संख्या समझ को लेकर कार्य किया गया। मुखौटा, टोपी निर्माण, कागज के जहाज निर्माण, बजने वाले सामग्री का निर्माण, मिट्टी के खिलौने बनाने, इत्यादि खेलकूद-प्रतिदिन एक मजेदार खेल एक माध्यम से शिक्षण कराना है।

हम जानते है कि पिछले कुछ समय में बच्चों की सीखने की प्रक्रिया मैं कोरोना के कारण बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न हुई जिसका असर बच्चों के अधिगम स्तर में नुकसान के रूप में दिखाता है। इस पहलू को ही ध्यान में रखा ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के पढ़ने लिखने की प्रक्रिया की निरंतरता को बनाए रखने के उद्देश्य से सीखना सिखाना केंद्र की संकल्पना किया गया हैं। इस केंद्र मैं बच्चों के साथ लगातार जुड़ कर उनके सीखने की प्रक्रिया को यथावत जारी रखने के लिए तमाम अकादमिक कार्य किया जा रहे है। इन सभी कार्य मैं मुख्य तौर पर पढ़ना-लिखना, शुरुआती संख्या ज्ञान पर कार्य किया जाएगा। जिससे कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरांत बच्चे जब पुन: शाला में आए तो उनके अधिगम स्तर में एक सकारात्मक परिवर्तन दिखे। शालाओं की सूची जहाँ कार्यक्रम आयोजित हुआ उनमें दर्रामुड़ा, जतरी, जेवरीडीह, खड़ियापारा, बोंदा, बिंजकोट, तुरंगा, तेलीपली पुसौर और कोंडातराई दोनों मालदा और पुसौर शामिल है।



## स्वस्थ तन-स्वस्थ मन स्वास्थ्य योजनान्तर्गत डिग्रीधारी चिकित्सकों से 4 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में संचालित छात्रावास/आश्रमों में वर्ष 2022-23 हेतु प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन-स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा)योजनान्तर्गत रायगढ़ जिले के निजी प्रेक्टिशनरों जिनकी एम.बी.बी.एस., बी.ए.एम.एस. एवं बी.एच.एम.एस.डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं (छात्रावास/आश्रम)के लिए 4 जून 2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि निजी प्रेक्टिशनरों चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास/आश्रमों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपये प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास/आश्रमों में छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 1200 रुपये प्रतिभ्रमण मानदेय भुगतान दिया जाएगा। निजी चिकित्सक माह में कम से कम दो बार छात्रावास/आश्रम के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। निजी चिकित्सक प्रत्येक छात्रावास/आश्रम के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज करेंगे। इच्छुक निजी चिकित्सक अपने लेटर पेड में आवेदन पत्र के साथ शासकीय/मान्यता प्राप्त मेडिकल कालेज/संस्था से उत्तीर्ण चिकित्सक डिग्री एवं चिकित्सकीय कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र, निवास, प्रमाण-पत्र, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र, स्थायी व अस्थायी मोबाइल नंबर, वर्तमान पता तथा भारतीय स्टेट बैंक के खाता के प्रथम पृष्ठ (जहां फोटो चस्पा हो)की छायाप्रति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास रायगढ़ में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक से भेज सकते है। आवेदन पत्र सीधे कार्यालय में नहीं लिया जाएगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जायेंगे। उपरोक्तानुसार नये अभ्यर्थी सरल क्रमांक 4 में उल्लेखित समस्त दस्तावेज/प्रमाण-पत्र के साथ आवेदन करेंगे। वर्ष 2021-22 में अनुबंधित (कार्य कर चुके)अभ्यर्थी साधारण आवेदन पत्र प्रस्तुत करेंगे। निजी चिकित्सकों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय द्वारा पात्रता के आधार पर किया जाएगा। चिकित्सकीय कार्य हेतु अनुबंध के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। नियमों एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय में संपर्क कर सकते है।

## मातृ शिशु चिकित्सालय तक चलेगी सिटी बस, ऑटो का किराया भी होगा तय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मई से केजीएच में चल रहे स्त्री व शिशु रोग विभाग को मातृ एवं शिशु चिकित्सालय (एमसीएच) में शिफ्ट कर संचालन शुरू कर दिया गया है। यहां मरीजों के आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर भीम सिंह ने एमसीएच अस्पताल तक सिटी बसों का परिचालन शुरू करने के निर्देश नगर निगम कमिश्नर को दिए। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल तक ऑटो से परिवहन का किराया भी निर्धारित करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए। कलेक्टर सिंह ने बैठक में संस्थागत प्रसव के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जिन अस्पतालों में फर्स्ट रेफरल यूनिट के तहत महिला चिकित्सकों की पोस्टिंग की गयी है उन्हें अनिवार्य रूप से मुख्यालय में रहते हुए अपनी ड्यूटी करनी है, जिससे वहां डिलीवरी के लिए आने वाली महिलाओं को प्रसव में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर सिंह ने जिले के विभिन्न अस्पतालों में पोस्टेड आरएम, तथा एएनएम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिन अस्पतालों में मानव संसाधन की आवश्यकता है वहां अतिरिक्त मैन पॉवर वाली जगहों से स्टॉफ मोबिलाइज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने डॉक्टरों द्वारा पिछले एक माह में ओपीडी तथा आईपीडी में मरीजों के इलाज के आंकड़ों की समीक्षा की। कम संख्या में मरीजों के इलाज करने वाले डॉक्टरों से उन्होंने कारणों को जाना तथा उन्हें नियमित रूप से अस्पताल में उपलब्ध रहकर मरीजों के इलाज करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में टॉयलेट तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी केन्द्रों में संसाधनों की उपलब्धता का जायजा लेकर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हमर लैब शुरू करने की तैयारियों की समीक्षा की। बताया गया कि उपकरणों की खरीदी की



जा चुकी है। हमर लैब के लिए तैयार हो रहे भवनों निर्माण कार्य के पश्चात संचालन शुरू किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत मरीजों को लाभान्वित किए जाने के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विकासखण्डों से योजनाओं के लाभ लेने के लिए किए गए ऑनलाईन एन्ट्री की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी बीएमओ तथा बीपीएम की यह जिम्मेदारी होगी कि इलाज के लिए आने वाले मरीजों को पात्रतानुसार स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देकर उसकी ऑनलाईन एन्ट्री की जाए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में निर्माण कार्यों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने तमनार, बरमकेला, खरसिया, धरमजयगढ़ के अस्पतालों में हाऊसिंग बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ईई हाऊसिंग बोर्ड को निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अब तक पूर्ण हो चुके तथा शेष बचे कार्यों की डिटेल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। इसी प्रकार सीजीएमएससी द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी उन्होंने समीक्षा की।

### ब्लड डोनेशन कैम्प की दे अग्रिम सूचना

कलेक्टर सिंह ने अस्पतालों में ब्लड यूनिट उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मरीजों को ब्लड की जरूरत होने पर इधर-उधर भटकना न पड़े। इसके लिए उन्होंने जिले में ब्लड डोनेशन कैम्प के निरंतर आयोजन के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जिस स्थान पर यह कैम्प लगने जा रहा है उसकी अग्रिम सूचना संबंधित एसडीएम तथा सीईओ जनपद को अनिवार्य रूप से दी जाए। जिससे वहां रक्तदान करने वालों को मोबिलाईज किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त संख्या में ब्लड यूनिट स्टोर करके रखने की जिम्मेदारी संबंधित बीएमओ एवं बीपीएम की होगी।

गंभीर समस्या पर मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास करें रेफर

कलेक्टर सिंह ने कहा कि हाट-बाजार क्लीनिक में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को यदि कोई गंभीर समस्या है और उन्हें विशेषज्ञ से उपचार की आवश्यकता है तो मरीजों का पूरा परीक्षण कर उन्हें तत्काल संबंधित विशेषज्ञ के पास मेडिकल कालेज अस्पताल में रिफर करें। जिससे उस मरीज को समय पर उसका इलाज मिल सके। उन्होंने धन्वंतरि मेडिकल स्टोर्स से किफायती दरों पर मिलने वाले जेनेरिक दवाओं का लाभ अधिक से अधिक मरीजों को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इसके लिए इन मेडिकल स्टोर्स को अस्पतालों के करीब संचालित करने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश सभी बीएमओ को दिए।

# मैनपाट के ग्राम पंचायत पेंट में बना 5.30 करोड़ का डैम सफेद हाथी साबित हो रहा

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

**तस्वीर में सफेद हाथी की तरह दिख रहा डैम सरगुजा जिले के मैनपाट ब्लॉक के तराई क्षेत्र से लगे ग्राम पेंट का डैम है जो ग्राम पीड़िया में बनने के बजाय इसे प्रशासन द्वारा ग्राम पेंट में 5.30 करोड़ रूपये की लागत से ग्रामीणों की भूमि अधिग्रहित करते हुए उन्हें मुआवजा देने की बात कहते हुए इस उद्देश्य से बनाया गया है कि डैम के माध्यम से किसान 200 हेक्टेयर से अधिक भूमि में सिंचाई कर खेती कर सकेंगे लेकिन विभाग का यह दावा कुछ ही दिनों बाद मटियामेट हो गया।**



क्योंकि यह डैम में पानी ही नहीं रहता है जिसमे पानी सूखने के बाद यह डैम जर्जर होने के कगार पर आ गया है जहां इस डैम में पानी नहीं रहने से यहां के सैकड़ों किसान खेती नहीं कर पा रहें है। वहीं किसानों का कहना है कि इस डैम के माध्यम से उनके 1 इंच भूमि में भी सिंचाई नहीं हो पायीं है जिससे इस डैम का बनना कोई मतलब का नहीं हुआ है। वहीं उनकी भूमि इस डैम के बनने के समय अधिग्रहित हुई थी। जिसका मुआवजा आज कई साल बीतने के बाद भी उन्हें अब तक नहीं मिल सका है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि इस डैम को विभाग द्वारा यह कह में बनाया गया था। कि उन्हें सिंचाई के लिए राहत होगी लेकिन आज डैम की हालत बद से बदत्तर हो गई है जहां पानी ही नहीं है और आज की स्थिति में डैम जर्जर होकर टूटने के कगार पर आ गया है। वहीं किसानों ने यह भी बताया कि जहां आज डैम बनी है वहां कई विशालकाय आम और ईमली सहित कई पुराने पेड़ थे जहां उन्हें पर्याप्त मात्रा में आम और ईमली मिलता थ। जिसे बेचकर वे अपना जीविका चलाते थे लेकिन विभाग द्वारा इस जगह पर पेड़ों की कटाई करके डैम बनाया गया जो आज सफेद हाथी बनकर पड़ा हुआ है जो अब कोई मतलब नहीं रह गया है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि इस डैम को बनाते समय विभाग द्वारा उनकी खेतों की भूमि को अधिग्रहित करते हुए कहा गया था कि उन्हें जल्द ही इसका मुआवजा मिलेगा और डैम के माध्यम से खेती के लिए सिंचाई हो सकेगी



लेकिन आज डैम में पानी नहीं है और उनके भूमि अधिग्रहण का कोई मुआवजा भी उन्हे अब तक नहीं मिल सका है। वहीं उन्होंने ये बताया कि वे मुआवजा के लिए कई बार कलेक्टोरेट सहित एसडीएम दफ्तर का चक्कर भी लगा चुके है लेकिन अफ सरों द्वारा आज और कल मुआवजा देने की बात कहते हुए उन्हें कई सालों तक टाला गया है,वहीं आज तक उन्हें मुआवजा नहीं मिल सका है। वहीं पूरें मामलें में मैनपाट ब्लॉक के प्रशासनिक अधिकारी और तहसीलदार शशिकांत दुबे ने रटाया जवाब देते हुए माना है कि जिन किसानों की भूमि डैम बनने के समय अधिग्रहित हुई है उनको मुआवजा देने के लिए अधिग्रहण की कार्रवाई चल रही है जिसमें धारा 13 का प्रकाशन हो चुका है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण किसानों को मुआवजा देने की कार्रवाई प्रगति पर है और जल्द ही किसानों




को मुआवजा दिया जाएगा। वहीं उन्होंने मीडिया के सामने यह भी माना है कि डैम में पानी नहीं है जिसका जांच तकनीकी टीम कर रहीं है कि आखिरकार क्यों पानी डैम में नहीं रुक रहा है और क्या डैम में समस्या है इसके लिए टीम बनाई जाएगी। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि जो तकनीकी टीम जांच करेगी उसके बाद संबंधित विभाग से तलब किया जाएगा। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीणों को डैम के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी मिले इसके लिए प्रयास किया जाएगा और डैम का मरम्मत के लिए संबंधित विभाग से तलब किया जाएगा और जल्द ही ग्रामीणों को मुआवजा देने की कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्रीय विधायक और सूबे के खाद्य और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने भी अपनी दलील देते हुए माना है कि अभी मैंने 2 दिनों पहले उधर दौरा किया था जहां मैंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामीणों को उनकी मुआवजा की राशि जल्द देने की बात कहीं है और डैम में पानी नहीं होने और उसके जर्जर होने की बात भी सामने आ रहीं है जिसको लेकर अधिकारियों को पुन: निर्देशित किया जाएगा की बात कहते हुए मंत्री अमरजीत भगत ने इस मामलें को पुन: दिखवाने की बात कहीं है। हमारी टीम की पड़ताल और मौके पर जाकर ग्रामीणों से बातचीत करने में यह खुलासा तो जरूर हो गया है जल संसाधन विभाग द्वारा 5.30 करोड़ रूपये की लागत से बने डैम में किसानों के 200 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई करने का दावा केवल दावा ही बनकर रह गया है जहां एक तरफ डैम का पानी तो सुख ही गया है तो वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों को उनका मुआवजा भी नहीं मिल सका है। वहीं आज की स्थिति में डैम मरम्मत के अभाव में जर्जर हो गया है जहां अब किसान डैम में पानी नहीं होने से 1 इंच भी खेती के लिए सिंचाई नहीं कर सकते है। वहीं पूरें मामले में देखने वाली बात तो यह होगी कि आखिरकार ग्रामीणों को उनके हक मुआवजा कब मिल पाता है ये तो समय ही बताएगा। वही मरम्मत और उसमें पानी के जमाव के लिए प्रशासन क्या कुछ पहल करती है ये तो समय ही बताएगा।

# एक नजर

## लैलूंगा में 30 मई को होने वाली डी-लिस्टिंग महारैली के लिए बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



विकासखंड क्षेत्र लैलूंगा में आदिवासी जनजाति समुदाय के द्वारा आगामी 30 मई को होने वाले डी लिस्टिंग महारैली हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसमें लैलूंगा सहित तमनार, घरघोड़ा धर्मजयगढ़, के सभी जनजाति समाज के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी 30 मई को होने वाली डी-लिस्टिंग से संबंधित महारैली कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

## मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम में शिक्षकों ने रेस्क्यू के तरीके सीखे

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




संकुल क्लब कन्या रतनपुर,बालक रतनपुर ,कर्रा, सीस, रानी बछाली के सभी शिक्षकों का 17 मई से 19 मई 2022 तक तीन दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कन्या रतनपुर में संपन्न हुआ। जिसमें मास्टर ट्रेनर अशोक शर्मा, दीपक कहरा,राम रतन भारद्वाज, भानु मैडम, नंदिनी सिंह, मणी मैडम व गूंजा कटकवार ने बहुत ही अच्छे से सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए रेस्क्यू करने के तरीकों का डेमो प्रस्तुत किया ।जिसे सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी तरीकों का वहां पर अभ्यास कर उसे अपनाएं। ताकि वे सभी इन तरीकों को अपनी शाला में और समाज में जहां भी आवश्यकता है वहां प्रयोग करके घायलों को जान बचाने में एंबुलेंस के आने तक उनकी जान बचाने मैं सहयोग प्रदान कर सकें। इनमें कम घायल ,अधिक घायल, बेहोश ,पैर फैक्चर ,सांप काटने, बिच्छू काटने आदि के समय हम कैसे घायलों की मदद कर पाए। इसको बढ़िया से सिखाया गया ।शाला में लैंगिक असमानता, शोषण से बचने, गुड टच, बैड टच के द्वारा बच्चों की मदद करने व्यक्तिगत सुरक्षा करने की बात को करने की बात को बहुत ही व्यावहारिक तरीके से प्रोजेक्टर के माध्यम से भी बताएं। इस कार्यक्रम के समापन में कन्या संकुल प्रभारी एवं प्राचार्य सुश्री भारती त्रिवेदी ने बहुत ही ऊर्जा दायक उद्बोधन से सभी शिक्षकों को अपने विद्यालय में इसे लागू करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा रंगारंग गीत, कविता एवं नृत्य भी प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। शिक्षक दिनेश पांडेय ने इस प्रशिक्षण को आज तक का सबसे अच्छा प्रशिक्षण बताते हुए ऐसे ही व्यावहारिक प्रशिक्षण देने का आह्वान किया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## भेलवाटिकरा में उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 20 मई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

ग्राम पंचायत भेलवाटिकरा में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए गत दिवस इच्छुक सहकारी सोसायटियां एवं महिला स्व-सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के आधार पर दुकान आबंटन के पूर्व दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति व संस्था 20 मई 2022 तक अपना दावा-आपत्ति कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़ में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं होंगे।

# टीआई छाल ने एडूकला में लगाई जन चौपाल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के निर्देशानुसार, एसडीओपी खरसिया के मार्गदर्शन में छाल पुलिस गांव-गांव में जन चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक कर रही है। 19 मई को थाना छाल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम एडुकला में थाना प्रभारी जितेन्द्र एसैया, उपनिरीक्षक जवाहर लाल राठौर द्वारा जन चौपाल लगाया गया। जिसमें ग्राम एडुकला के महिला, पुरुष, बच्चे उपस्थित हुए। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठगी, एटीएम ठगी की घटना के शिकार लोगबाग हो रहे हैं। जिसके लिए सभी को सावधानी बरतने की जरूरत है। नाबालिग बच्चों के ऊपर होने वाले अपराध बढ़ने लगे हैं। नाबालिग बच्चों को मोटर साइकिल नहीं देना चाहिए, यातायात के नियमों का पालन करने से बड़ी दुर्घटना से बचा जा सकता है। थाना प्रभारी द्वारा ठगों से बचने के उपाय बताते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ग्रामीणों से पूछताछ करने पर किसी प्रकार का शिकायत नहीं होना बताया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ-साथ आरक्षक 443, सैनिक 55 भी उपस्थित रहे।

# प्रेस क्लब धरमजयगढ़ के अध्यक्ष बने नारायण बाईन

## कार्यकारिणी का हुआ गठन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



कई वर्षों बाद धरमजयगढ़ प्रेस क्लब का पुनर्गठन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से नारायण बाईन को अध्यक्ष चुना गया है। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में शाम 5 बजे पत्रकारों की बैठक हुई। जिसमें प्रेस क्लब की नए कार्यकारिणी गठन करने पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से नए टीम बनाने पर सहमति बनी। बैठक में दैनिक जोहार छत्तीसगढ़ के संपादक नारायण बाईन को अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया गया, जिसे सभी ने ताली बजाकर समर्थन किया। जिसके बाद उपाध्यक्ष पद पर ऋषभ तिवारी, सचिव विक्की पाण्डेय, कोषाध्यक्ष शेख आलाम एवं गुरुचरण सिंह को मनोनीत किया गया। वहीं विजय अग्रवाल, टीकाराम पटेल, यूसुफ छाया एवं अरूण चक्रवर्ती को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकारिणी सदस्य असलम खान रिजवी, भरत लाल साहू, अशोक भगत, परितोष मंडल, पावेल अग्रवाल, कुमारी उमा यादव, संजय जेठवानी, शशि शील, टीम गठन के बाद सभी ने नए पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं नव नियुक्त पदाधिकारियों ने भी सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष बनने के बाद नारायण बाईन ने कहा कि आप सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत बनाने हर संभव प्रयास करूंगा।

# जैव विविधता दिवस के अवसर पर 22 मई को होंगे जशपुर में विभिन्न कार्यकर्मो का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।




**जिले के समृद्ध जैव विविधता के सभी आयामों का होगा प्रदर्शन, मैराथन के साथ छायाचित्र प्रदर्शन और होगी कार्यशाला**

हर साल 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को जैव विविधता के प्रति जागरूक करना है। इसी उद्देश्य के लिए जशपुर में भी विभिन्न आयोजन किया जा रहा है

वनमंडलाधिकारी जशपुर जितेंद्र कुमार उपाध्याय ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के द्वारा प्रति वर्ष 22 मई को जैव विविधता के मुद्दों के बारे में समझ एवं जागरूकता बढ़ाने के लिये अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के रूप में घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राज्य के समृद्ध जैवविविधता के संरक्षण के लिये ध्यान आकृष्ट करने के लिये जागरूकता संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। हमारे लिये यह गौरव का विषय है कि इस वर्ष भी जैव विविधता कार्यक्रम जशपुर में के अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का प्रसंग वाक्य धीम सभी जीवों के लिये एक साझा भविष्य का निर्माण घोषित किया गया है। इस अवसर पर जिले के समृद्ध जैव विविधता के सभी आयामों जैसे कि वनस्पतियां फ लोरा, फौना पशु पक्षियों, प्राकृति सौंदर्य, वन, वन्यप्राणी, जनजातिय सामाजिक विविधता, कृषि विविधता, सांस्कृतिक विविधता आदि विषयों को प्रदर्शित करता छायाचित्र ; चेवजवहतंची द्ध का प्रदर्शन वनमण्डल कार्यालय में समय 11 बजे से किया जा रहा है एवं प्रात: 7 बजे कलेक्ट्रेट परिसर के सामने से मैराथन दौड़ महिला पुरूष, आयोजित है। आप सभी अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर जनजागरूकता अभियान में शामिल होवें।



# चौहान समाज विकास समिति लैलूंगा सेक्टर पुर्नगठन का बैठक हुआ सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



विकासखंड अंचल में इन दिनों चौहान समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए नजर आ रही है। आपको बता दें की विकासखंड को 7 सेक्टर में विभाजित किया गया है वहीं लैलूंगा को सर्वसम्मति से सेक्टर चयनित किया गया बता दूं की विकासखंड के सभी सेक्टर का पुनर्गठन हुआ शांतिपूर्ण जल्द ही विकासखंड का होगा पुर्नगठन इस प्रकार लैलूंगा सेक्टर सम्मिलित ग्राम पंचायत लैलूंगा, लुडेग, झरन, खेड़आमा, रुडूकेला, पाकरगांव, कुंजारा, खम्हार, जामबहार, पोतरा, कुपाकानी, बिरसिंघा, रेगड़ी,गमेकेला हेतु हैं नव नियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों का हुआ पुर्नगठन वहीं सर्वप्रथम इष्टदेवता दूल्हादेव की प्रतिमा की पूजा अर्चना के पश्चात सामाजिक गतिविधियों पर परिचर्चा कर सभी ने समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में मुख्यरुप से लैलूंगा विकास खंड स्तर के पदाधिकारी अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौहान, घांसीराम चौहान, येशो प्रसाद चौहान, निलाम्बर चौहान, सतीश चौहान सोशल मीडिया प्रभारी, कृष्णा चौहान, मनोहर चौहान, गोपाल चौहान एवं सेक्टर लिबरा के पदाधिकारी गोपाल चौहान, गोकुल चौहान, संतोष चौहान, गौरी चौहान, चौहान व गहनाझरिया, केशला,लारीपानी,राजपुर, सेक्टर से अध्यक्ष सचिव एवं अन्य पदाधिकारीगण भारी संख्या मे सामाजिक बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

**सर्व सम्मति से एक जुटता का परिचय देते हुए सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया**

लैलूंगा सेक्टर हेतु अध्यक्ष दिलीप चौहान, उपाध्यक्ष विजय चौहान, सचिव विक्रम चौहान,सह सचिव किरण चौहान, कोषाध्यक्ष गोपाल चौहान, सह कोषाध्यक्ष रघुनाथ चौहान,महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष साधना चौहान वहीं शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शोभनाथ चौहान, डमरू चौहान, रविशंकर चौहान, को बनाया गया। संदेशवाहक के रुप में संतोष चौहान,शोभन चौहान, डमरू चौहान रहेंगे। इसी तरह से समाज के वरिष्ठजनों को संरक्षक एवं सलाहकार के रुप में शोभित रहेंगे। वहीं नवीन पदाधिकारीयों को अपने कर्त्तव्य की निर्वाहन के लिए विकासखंड पदाधिकारीयों ने बधाई दी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in